# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–108 । सागर, शुक्रवार 6 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बना लिए मकान, उगाई जा रही फसल — पृष्ठ 3

▸ सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान
▸ रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव — पृष्ठ 4

▸ शराब दुकान के बाहर सड़कों पर छलक रहे जाम — पृष्ठ 6

राजस्व विभाग की जमीन पर खेती करने से रोक रहा वन विभाग — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर मुठभेड़ में ढेर

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। बताया जा रहा है कि, नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं।

### मध्य प्रदेश में बकरीद को लेकर एडवाइजरी जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को लेकर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया कि कुर्बानी बंद स्थान पर दें और खुले में नमाज न पढ़ें। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अधीन राज्य में मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाहें, मजार, कर्बला और स्कूल व मदरसे आते हैं। इनकी संख्या 15 हजार है। बोर्ड ने अपने अधीन आने वाले सभी मुतवल्लियों (प्रबंधक) और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडर बना तो भाजपा की हार तय : अजय राय

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर भाजपा ने मंदिर और आस पास के क्षेत्रों में तोड़फोड़ की तो अगले चुनाव में उसकी हार तय है। अजय राय ने कहा, बांके बिहारी मंदिर जो एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है उसे तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो बहुत दुखद है। भाजपा ने जिन धार्मिक जगहों पर तोड़-फोड़ की है, वहां चुनाव हारी है। वाराणसी में तोड़-फोड़ हुआ था, नरेंद्र मोदी 7 राउंड चुनाव हारने के बाद मुश्किल से चुनाव जीते। उनके जीत का आंकड़ा बहुत कम हो गया।

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में मारे छापे

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कथित आतंकी साजिश मामले में कई जगहों पर छापे मारे। छापेमारी में विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स को निशाना बनाया गया। एनआईए की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, आरसी-05/2022/ एनआईए, जेएमयू (आतंकवादी साजिश मामले) में विभिन्न आतंकी संगठनों के ओजीडब्ल्यू के खिलाफ छापेमारी की गई।

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर राजनीतिक दांवपेंच शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राज्य भर में राजनीतिक दांवपेंच तेज हो गए हैं। नए बनते गठबंधनों और उभरती रणनीतियों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और सांसद असद्दीन ओवैसी की अगुआई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बीच संभावित साझेदारी उभर रही है। एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई ने स्थानीय चुनावों के लिए शिवसेना के साथ गठबंधन करने का संकेत दिया है।

### असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 14 हुई

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के 19 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 6,78,877 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ से संबंधित मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। राज्य में बाढ़ से संबंधित मौत के अलावा पिछले महीने राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत हो गई थी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) द्वारा गुरुवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि 63 राजस्व क्षेत्रों के कुल 1474 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में पीड़ितों के लिए 190 राहत शिविर और 215 राहत वितरण केंद्र खोले हैं ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक खाद्यान्न और अन्य बुनियादी वस्तुएं मिल सकें। एएसडीएमए के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें से एक नागांव और दूसरा कछार जिले से है। 41,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद देने के लिए कहा गया है।

---

उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, निवेशकों से बोले-

# मप्र अपार संभावनाओं वाला प्रदेश

- नाइपर उज्जैन मेडिसिटी में नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाएगा
- समिट में आये 1,950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव





**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश को प्रकृति का पूर्ण स्नेह प्राप्त है। भारत के हृदय स्थल में स्थित मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट एयर कनेक्टिविटी, रेल नेटवर्क और हाईवे हैं जो देश के हर कोने से मध्यप्रदेश की पहुँच को सुगम बनाते हैं। इन बुनियादी ढाँचों का सतत् विस्तार जारी है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना और दतिया एयरपोर्ट का शुभारंभ कर इन सुविधाओं को और समृद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मन्त्रोचार की पवित्र ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट-2025 के मुख्य सत्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से13 वन-टू-वन बैठकेंकीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गंगा दशहरा और पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का आयोजन किया गया है। यह अवसर मध्यप्रदेश की वृहद प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का निरूपण भी है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और जीवनशैली आज पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट कर रही है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति प्रेम और पूजन अभिन्न अंग है। भारतीय जीवनदृष्टि केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी जीवनशैली को प्रोत्साहित करती है जिसमें व्यक्ति स्वस्थ रहे और रोगों की संभावना ही न हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को मेडिकल हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में मेडिसिटी की स्थापना की जा रही है और मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु मात्र रु. 1 में 25 एकड़ भूमि प्रदान की जा रही है। निजी क्षेत्र को अस्पताल संचालन में भी हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट और सेक्टर आधारित समिट के आयोजन से हर क्षेत्र, हर सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 18 नवीन इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सहज और आकर्षक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव और 21 लाख 40 हज़ार से अधिक रोजगारों के सृजन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### मुख्य सचिव ने निवेशकों को बताई मप्र की खूबियां

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के लिए अनुकूल वातावरण हैं। प्रदेश में जंगल, जंगली जानवर, पवित्र नदियां हैं, वहीं धार्मिक पर्यटन के लिए महाकाल तथा ओंकारेश्वर दो ज्योतिर्लिंग और अन्य आकर्षक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश में आकर्षक हेरिटेज हैं, कई पुराने अच्छे रजवाड़े हैं, जिन्हे हेरिटेज के रूप में विकसित किया गया हैं। पूरे देश मे यूनेस्को के 62 हेरिटेज धरोहरों में से 18 हेरिटेज मध्यप्रदेश में है। मध्यप्रदेश देश के मध्य होने से यहाँ पहुँचना आसान है। प्रधानमंत्री ने टूरिज़्म बढ़ाने पर जोर दिया हैं। टूरिज़्म बढ़ाने के लिए स्वच्छता सबसे आवश्यक हैं। सबसे स्वच्छ शहर इंदौर मध्यप्रदेश में है। इन्दौर ही नहीं अन्य शहरों में भी स्वच्छता की स्थिति बेहतर है। इन्दौर की स्वच्छता पश्चिमी देशों के समतुल्य हैं। प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के लिए 18 नई पॉलिसीज बनाई हैं और कुछ पुरानी पॉलिसीज हैं। इनमें निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रमुख रूप से आर्थिक मदद और अधोसंरचना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में बराबरी का हैं या बेहतर हैं। इस अवसर पर भण्डारी ग्रुप के चेयरमैन विनोद भण्डारी ने उज्जैन में बन रहे मेडिकल टूरिज्म पर प्रकाश डाला।

---

रीवा जिले में हुआ हादसा

# ऑटो पर पलटा ट्रक 7 श्रद्धालुओं की मौत



**रीवा/भोपाल, देशबन्धु।** रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर सीमेंट की शीट से भरा एक ट्रक ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ऑटो में कुल दस लोग सवार थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे लोगों के मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और गंभीर घायलों को 50-50 हजार की सहायता की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक, सहायता की घोषणा

बताया जाता है कि सीमेन्ट की सीट से भरा एक ट्रक प्रयागराज की ओर से आ रहा था, तभी वह सोहागी पहाड़ पर अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो सवार सभी श्रद्धालु मऊगंज जिले के निवासी बताए गए हैं, जो प्रयागराज गंगा स्थान के लिए गए थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। ऑटो में दस लोग सवार थे। दुर्घटना में चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं, पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल, उसकी पत्नी पिंकी, पुत्री अंशिका के अलावा मानवी, अरविंद, सौरभ और हीरालाल जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

# जम्मू कश्मीर को देंगे कई सौगातें



### वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**जम्मू, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू कश्मीर को कई सौगातें देंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में यह उनकी पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक के पूरा होने पर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने से पहले भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रतीक चिनाब पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल का उद्घाटन करेंगे, जो घाटी को सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

समारोह की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियां कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही कारण है कि कश्मीर से रेल यात्रा के शुभारंभ की खातिर आपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश के दौरे के दौरान चिड़िया भी पर न मार सके जैसी फूल प्रूफ सुरक्षा के लिए हजारों सैनिक जमीन से आसमान तक सुरक्षा प्रदान करने में जुटे हैं।

### विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

मोदी रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनका उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लगभग 43,780 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना में 36 सुरंगें (119 किलोमीटर तक फैली हुई) और 943 पुल शामिल हैं। यह परियोजना कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच हर मौसम में निर्बाध रेल संपर्क स्थापित करती है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय गतिशीलता को बदलना और सामाजिक-आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर और वापस दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। वे निवासियों, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए एक तेज़, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा विकल्प प्रदान करेंगे।

---

# देशभर में बढ़ रहा कोराना संक्रमण

- सक्रिय मामलों की संख्या 4866 पहुंची
- पिछले 24 घंटों में 7 मरीजों ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है और कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 पहुंच गयी। अभी तक 3955 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण के 564 नए सक्रिय मामले सामने आये हैं और 674 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान सात और मरीजों की जान चली गयी। जिन सात मरीजों की मौत हुई है उनमें राष्ट्रीय राजधानी और कर्नाटक के दो-दो तथा महाराष्ट्र में तीन मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिये, मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिये गये। इसकी तैयारी परखने के लिए कल तैयारी मॉक ड्रिल की योजना बनाई गई है।

---

बेंगलुरु भगदड़ मामले में कार्रवाई

# आरसीबी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर

- भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हुई थी
- आपराधिक लापरवाही का आरोप, हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी
- पुलिस ने परेड की नहीं दी थी अनुमति

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। हादसे के 24 घंटे बाद पुलिस ने ये एक्शन लिया है। आरसीबी ने 3 जून को आईपीएल का अपना पहला खिताब जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड निकालने की बात सामने आई थी। 4 जून को सुबह से ही सड़कों पर भीड़ उमड़ने लगी। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विक्ट्री परेड की परमिशन नहीं दी और इसे कैंसिल कर दिया गया। पुलिस ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए उस जश्न को भी स्थगित करने का अनुरोध किया था। उनका मानना था कि अभी फैंस में बहुत उत्साह है, क्योंकि एक दिन पहले ही टीम ने ट्रॉफी जीती है। पुलिस चाहती थी कि आरसीबी ये प्रोग्राम रविवार को आयोजित करे, लेकिन आरसीबी ने तर्क दिया था कि उनके विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट जाएंगे इसलिए वे 4 जून को ही कार्यक्रम रखना चाहते हैं। उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी।

---

खड़गे ने विश्व समुदाय से लगाई समर्थन की गुहार, कहा-

# पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि भारत, पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करते हुए पाकिस्तान को वित्त पोषण की अंतरराष्ट्रीय सूची में शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि वह इस राशि का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए ही करता है। खड़गे ने एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद पर भारत का रुख समझने और उसका समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान से चलाए जा रहे आतंकवाद के जरिए अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि विश्व समुदाय को समझना चाहिए कि भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग करके देखा जाना चाहिए और जिन कारणों से पाकिस्तान को फिर वित्तपोषण की निगरानी की एफएटीएफ ग्रे सूची में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने पाकिस्तान को आतंक का अपराधी करार देते हुए हुए विश्व समुदाय से अपील करते हुए कहा,कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करती है कि वह पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत के रुख को समझे और उसका समर्थन करे। पाकिस्तान आतंक का अपराधी है और भारत आतंक का शिकार है। आतंकवाद फैलाने वालों से हमारी तुलना नहीं की जा सकती इसलिए आतंक फैलाने वालों और आतंक से पीड़ित को को एक साथ नहीं रखा जाना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष-आईएमएफ, एशियाई विकास बैंक-एडीबी और विश्व बैंक ने उसे ऋण देना स्वीकृत किया है।

---

टाटा ग्रुप और दसॉल्ट के बीच हुआ समझौता

# भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन (टीएएसएल) के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए हैं, जिसमें तहत राफेल लड़ाकू विमान की मेन बॉडी का निर्माण भारत में किया जायेगा। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। इन दोनों कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह करार देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और उच्च परिशुद्धता विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी।

वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला फ्यूजलाज बनने की उम्मीद है, इस सुविधा से हर महीने दो पूर्ण फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा,

### 4 उत्पादन हस्तांतरण करार किए गए

पहली बार राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल निर्माण में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल बॉडी का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है। यह भारत द्वारा एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी दर्शाता है जो वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है। इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर करना भारत की 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर पहलों के प्रति डसॉल्ट एविएशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है, साथ ही अधिक आर्थिक आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य का समर्थन करना है।

### हैदराबाद में किया जाएगा निर्माण

साझेदारी के दायरे में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पूरी बॉडी का निर्माण किया जाएगा।

## सार-समाचार

### पूर्व मंत्री हरनाम सिंह राठौर की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजली



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री स्व. हरनाम सिंह राठौर की पुण्यतिथि पर संभागीय भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्व. राठौर के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्याम तिवारी ने कहा कि कैलाशवासी हरनाम भैया भाजपा के आधार स्तंभ थे उनका विकास और जन कल्याण के प्रति संकल्प एवं समर्पण हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनके साथ मुझे कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था जनसेवा ही अपना लक्ष्य मानने की प्रेरणा उन्हीं से मिली है। वो भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी मधुर स्मृतियां और आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा।

### शासकीय महाविद्यालय की बैठक संपन्न



**मालथौन, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय मालथौन में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आरसी दुबे ने की उक्त बैठक में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के हित में अनेक प्रस्ताव पारित हुये जिनमें मुख्य रूप से महाविद्यालय में सीसी टीवी कैमरा, पुस्तके आदि है। प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह ठाकुर ने जनभागीदारी समिति एवं छात्र हित विषय पर विचार रखे। विश्व पर्यावरण के अवसर पर महाविद्यालय में पौधारोपण समिति द्वारा किया गया। बैठक में सदस्य बाबू सिंह सिसोदिया, गजानन दुबे, प्रमोद तिवारी, प्रदीप मालवीय, गब्बर सिह ठाकुर, सुषमा चौरसिया, कमलेश कुशवाहा समेत महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एकल उपयोग प्लास्टिक पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शास. उच्च. माध्य. विद्यालय पुरानी सदर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल उपयोग प्लास्टिक पर व्याख्यान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अशोक, आंवला, पीपल आदि 11 महत्वपूर्ण पौधें तथा पक्षियों के लिये घोंसला वृक्षों पर लगाये गये। विद्यालय प्राचार्य डॉ. कल्पना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जुड़ी जानकारी विद्यार्थियों को दी। आरके जैन ने पौधारोपण के महत्व एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उपाय से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की ईको क्लब प्रभारी डॉ. रानू सोनी ने किया और एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्परिणाम एवं रोकथाम के उपाय पर प्रकाश डाला। आलोक गुप्ता ने कहा कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा पेंशन के नाम सभी शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी अपनी सुविधा अनुसार शासकीय एवं निजी भूमि में एक पेंशन पौधा अवश्य लगाये और पर्यावरण संरक्षण के लिये सहयोग करें। कार्यक्रम में विनीत महावत, शिवानी गौतम, वर्षा शुक्ला, विजय रोहित एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### 11 और 12 जून को आयोजित परीक्षा तिथि में परिवर्तन

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि का 33 वां दीक्षांत समारोह 12 जून को आयोजित किया जायेगा। अतः 11 एवं 12 जून को आयोजित होने वाली समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर सीबीसीएस एवं एनईपी विवि शिक्षण विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं की तिथि में परिवर्तन करते हुये नई तिथि घोषित की है। विवि के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 11 जून को संपन्न होने वाली समस्त परीक्षायें 21 एवं 12 जून को संपन्न होने वाली समस्त परीक्षायें 23 जून को पूर्व घोषित समय पर आयोजित की जावेंगी। शेष परीक्षायें यथावत् रहेगी।

# पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में महिला का विरोध, अवैध खनन के आरोपियों से 3 लाख लेने का आरोप



**बीना, देशबन्धु।** गुरुवार को मोतीचूर नदी के श्री देव रघुनाथ घाट पर नगर पालिका ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एक महिला ने हंगामा कर दिया। उन्होंने एक जनप्रतिनिधि पर अवैध मिट्टी उत्खनन करने वालों से तीन लाख रुपये लेने का आरोप लगाया। नत्थीबाई निवासी हांसुआ गांव अपने बेटे प्रदीप यादव के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। नत्थीबाई ने बताया कि उनके खेत से बीआरसी कंपनी ने अवैध रूप से मिट्टी निकाली। इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। महिला विधायक के पैरों में गिर पड़ी और रोने लगी। मौजूद लोगों ने कुर्सी पर बिठाकर उनकी बात सुनी। कार्यक्रम में विधायक निर्मला सप्रे, नपाध्यक्ष लता सकवार और मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय मौजूद थे। विधायक ने महिला को चेतावनी दी कि झूठे आरोप साबित होने पर कड़ी कार्यवाही होगी। रिफाइनरी विस्तार के कारण मूड़री, हांसुआ, मन्मति और भांकरई गांवों में मिट्टी उत्खनन के मामले सामने आ रहे हैं। दिसंबर 2024 में नत्थीबाई के पति मेहरबान सिंह के खेत से मिट्टी निकाले जाने की पुष्टि हुई थी। प्रदीप और उनकी मां ने कलेक्टर, एसडीएम और विधायक को कई बार शिकायत की। लेकिन उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। विधायक सप्रे का कहना है कि उन्होंने एसडीएम को जांच और उचित मुआवजे के निर्देश दिये थे। उन्होंने महिला के आरोपों को गलत बताया और कहा कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ लगती है।

### पर्यावरण दिवस पर रोपे पौधे



**बण्डा, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना और ग्लोबल वार्मिंग के साथ लड़ना सिखाता है इसी क्रम में पीएम श्री शास. कन्या स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। पीएम श्री स्कूल में अब चारों तरफ हरियाली की व्यवस्था हो रही है जिससे छात्राओं को अब प्राकृतिक वातावरण में पढ़ने का आनंद प्राप्त हो सके। प्राचार्य संतोष चौरसिया ने बताया कि विद्यालय में वाटर पाम, कदम, अशोक और कोनोकारपस के पौधे लगाये गये साथ ही कियारियो में हैज लगा दी गई है जिससे बहुत ही जल्दी गार्डन तैयार हो रहा है। पौधारोपण कार्यक्रम में देवेंद्र ठाकुर, उमराज जाटव, सुनील मिश्रा, श्रीकांत जैन, अमित यादव, दीपेंद्र पटेल, कैलाश नरवडे, दिनेश सोनी सहित छात्रायें उपस्थिति रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ओशो पहाड़ी पर किया पौधारोपण




**सागर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली स्वामी विवेकानंद विवि, भारत तिब्बत सहयोग मंच तथा महाकौशल विवि जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में ओशो पहाड़ी पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा भावी पीढ़ियों के लिये स्वच्छ, हरा भरा एवं संतुलित वातावरण सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन के महत्व पर बल देते हुये सभी से अधिकाधिक पौधारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विवि के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांत संयोजक डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पौधारोपण न केवल एक पर्यावरणीय दायित्व है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का भी एक भाग है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप लारिया, नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, राजा रिछारिया, बलवंत ठाकुर, जित्तू खटीक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### जनपद सदस्य की अभद्रता के बाद बिगड़ी सीईओ की तबीयत

**बीना, देशबन्धु।** जनपद पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक के दौरान एक जनपद सदस्य ने सीईओ पर पानी की बोतल फेंक दी थी। सदस्य ने अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया। इस घटना के बाद गुरुवार को सीईओ की तबीयत बिगड़ गई। सीईओ को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. संजीव अग्रवाल ने जांच में पाया कि उनका ब्लड प्रेशर और पल्स रेट बढ़ा हुआ है। शुगर लेवल भी सामान्य से अधिक था। डॉक्टरों ने इसे अत्यधिक मानसिक तनाव का परिणाम बताया। घटना से नाराज होकर जनपद के सचिवों और अन्य कर्मचारियों ने कार्यालय में तालाबंदी कर दी। कर्मचारियों ने आरोपी सदस्य को पद से हटाने की मांग की। सभी अधिकारी और कर्मचारी सीईओ के समर्थन में एकजुट हो गये। विधायक निर्मला सप्रे, जनपद अध्यक्ष ऊषा राय और उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ने अस्पताल में सीईओ से मुलाकात की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जनपद कर्मचारी संघ और सचिव संघ ने चेतावनी दी है कि दोषी सदस्य पर कार्यवाही होने तक कार्यालय का काम बंद रहेगा। वे घटना की जांच के लिये ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस : टोल प्लाजा पर किया पौधारोपण




**मालथौन, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस पर टोल प्लाजा कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत टोल अधिकारी ने समस्त कर्मचारियों को समझाया कि बदलते मौसम और बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये। उन्होंने आमजन से अपील की कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगायें, ताकि न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके, बल्कि भावनात्मक रूप से भी समाज को इससे जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सीजीएम अनुज सिंह, महाप्रबंधक डीएन तिवारी, प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश, सेफ्टी ऑफिसर बीएल यादव, विजय, मैनेजर अविनाश कुमार, इंसिडेंट प्रबंधक कमलेश प्रजापति, राहुल यादव, शिवम पांडे सहित हाइवे पेट्रोलिंग टीम और घटना नियंत्रण प्रबंधक विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लापता लेफ्टिनेंट कर्नल ललितपुर की होटल में मिले, एटीएम से पैसे निकाले तो मिली लोकेशन

**सागर, देशबन्धु।** महार रेजिमेंट में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल गुरुवार को मिल गये हैं। वे उत्तरप्रदेश के ललितपुर में होटल में कमरा लेकर रह रहे थे। एटीएम से उन्होंने पैसे निकाले तो पुलिस को उनकी लोकेशन मिली। पुलिस टीम तत्काल ललितपुर पहुंची और उन्हें दस्तयाब कर लिया है। उन्हें सुरक्षित सागर लाया गया है। जहां कागजी कार्यवाही कर सेना को सौंप दिया गया है।

सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल को लेकर रवाना हो गये हैं। दरअसल 2 जून सोमवार की शाम को महार रेजिमेंट सेंटर के कुछ अधिकारी और कर्मचारी कैंट पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद कुमार निगम के लापता होने की शिकायत की थी। आर्मी के स्टाफ ने पुलिस को बताया था कि लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार निगम सुबह 6.30 बजे रोज होने वाली पीटी में उपस्थित थे। लेकिन उसके बाद उन्हें कहीं नहीं देखा गया है। जिन लोगों ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद कुमार निगम को आखिरी बार देखा, उन सभी ने पीटी की ड्रेस में देखा है। उसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल को दिनभर किसी ने नहीं देखा। निगम ग्वालियर के रहने वाले हैं। मामला सामने आते ही पुलिस, सेना और इंटेलिजेंस की टीमें लेफ्टिनेंट कर्नल निगम की तलाश में जुटी। पुलिस ने महार रेजिमेंट क्षेत्र से गुजरने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साइबर सेल को एक्टिव किया, लेफ्टिनेंट कर्नल के मोबाइल की डिटेल निकाली गई। लेकिन बुधवार शाम तक उनकी कोई लोकेशन नहीं मिल सकी थी। जिसके बाद पुलिस ने उनके एटीएम, बैंक खाते समेत अन्य मूवमेंट पर नजर रखी। तभी रात के समय ललितपुर में निगम के बैंक खाते से पैसों का ट्रांजैक्शन हुआ। एटीएम से उन्होंने रुपये निकाले थे। लोकेशन मिलते ही तत्काल टीम ललितपुर पहुंची। जहां तलाश करने पर लेफ्टिनेंट कर्नल ललितपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की होटल में मिले, वह कमरा लेकर होटल में रुके हुये थे। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि लापता हुये लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद कुमार निगम सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। वह एक होटल में कमरा लेकर रह रहे थे। वह अपनी व्यक्तिगत परेशानियों के चलते गये थे। वह सुरक्षित और सामान्य हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। नगर निगम द्वारा प्रातः 9.30 बजे से नवनिर्मित नगर निगम कार्यालय परिसर, सिटी स्टेडियम के सामने पार्क में, ट्राफिक पार्क, काकागंज वार्ड, सूबेदार वार्ड, मसवासी कचरा प्रोसेसिंग प्लांट परिसर, राजघाट परिसर, एसटीपी प्लांट पथरिया हाट आदि स्थलों पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, एमआईसी सदस्य, पार्षद, कर्मचारी और नागरिकों ने मिलकर पौधारोपण किया तथा स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। महापौर ने पौधरोपण कर उपस्थित जनसमूह को स्वच्छ भारत, हरित भारत के लिये हरित शपथ दिलाई। कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो हमें अभी से अपने पर्यावरण को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। निगमाध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी साझा धरोहर है, और इसे संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। नगर निगम अपने नागरिकों के सहयोग से शहर को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये लगातार प्रयासरत है। निगमायुक्त ने कहा स्वच्छता और पर्यावरण का गहरा संबंध है जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा, तब तक स्वच्छता अधूरी मानी जायेगी। हम सभी को घर से लेकर गली, मोहल्ले, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा पौधारोपण केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की सुरक्षा का आधार है। श्याम तिवारी ने कहा की पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शासन द्वारा सघन प्रयास किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन आदि के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृहद प्रयास किये जा रहे हैं हम सब नागरिक अपने शहर व जिले के पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें सभी अपने अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बने।

### पेड़ पौधे जीवन का आधार है, मिलकर धरती को हरा भरा करें : विधायक



**सागर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण को एक विशेष थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस को प्लास्टिक प्रदूषण को मात दे थीम के साथ सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में विधायक प्रदीप लारिया ने नरयावली विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के मकरोनिया मंडल अंतर्गत रजाखेड़ी चौराहे से रेलवे ब्रिज की ओर हनुमत पहाड़ी बटालियन वार्ड नं. 6 गीतांजलि अपार्टमेंट के समीप, सदर मंडल अंतर्गत ग्राम कपूरिया एवं मकरोनिया ग्रामीण मंडल अंतर्गत कर्रापुर में अभियान के तहत नागरिकों की सहभागिता से पौधारोपण कराया और उनकी देखभाल एवं प्लास्टिक मुक्त का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है। अगर आज इनकी रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरियाली नहीं मिलेगी। पौधरोपण से ही हम आने वाले पीढ़ी के कल को बचाया जा सकता है। उन्होंने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण को हो रहे नुकसान से बचाने के लिये प्लास्टिक मुक्त का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरपंच, सीएमओ मकरोनिया, कर्रापुर सहित विभिन्न संगठन, स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय स्त्री शक्ति ने किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति मप्र द्वारा स्वामी विवेकानंद विवि परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने मिलकर पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ. नंदिता पाठक एवं भारतीय स्त्रीशक्ति मप्र की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने सभी के समक्ष अपने विचार भी साझा किये। डॉ. नंदिता पाठक ने कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगायें उनकी सुरक्षा करें साथ ही प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करे ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि इस संसार में जब हम जन्म लेते हैं तो हमें जीवन जीने के लिये जिस ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, वो ऑक्सीजन हमें वक्षों द्वारा प्राप्त होती है साथ ही मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिये जिस लकड़ी की आवश्यकता होती है वह भी हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इसलिये हम सभी लोग न केवल पौधा लगाये बल्कि उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लें। सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रज्ञा उपाध्याय, ज्योति गौतम, सुमन तिवारी के साथ-साथ अन्य महिलायें कार्यक्रम में उपस्थित रही।

## वृक्ष देवताओं की तरह समाज का उपकार करते हैं, देश और सभ्यता का निर्माण करते हैं : भूपेन्द्र सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** वृक्ष देवताओं की तरह समाज का उपकार करते हैं, देश और सभ्यता का निर्माण करते है। जो पौधा लगता है वह नित्य तीर्थमय में होता है नित्य दान देने वाला और नित्य यज्ञ करने वाला बन जाता है। वृक्ष जीवन का आधार व धरती का श्रृंगार हैं। यह बात पूर्व मंत्री विधायक भूपेंद्र सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर यहां आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने खुरई सिविल अस्पताल में जन्मदिन आयोजन के दौरान रक्तदान शिविर से अर्जित रक्त को एनीमिया पीड़ित 40 महिलाओं को दिये जाने के लिये आयोजित निः शुल्क रक्ताधान शिविर का अवलोकन किया। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भविष्य पुराण में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि सभी को पेड़ लगाना चाहिये। वृक्ष हमें कई पीढ़ियों तक प्राणवायु, फल, फूल, छाया और औषधि का दान देते हैं। वृक्ष वर्षा लाते हैं और बाढ़ों को रोकते हैं। दुनिया के 23 सबसे प्रदूषित शहरों में अनेक शहर भारत के भी हैं। ऐसा इसलिये है कि हम जंगल तो काट रहे हैं लेकिन पौधा नहीं लगा रहे। अपने बच्चों को बताना है कि जीवन में प्लास्टिक से दूरी बनाये रखें। उन्हें बताना है कि वृक्ष काटना मनुष्यों की हत्या कर देने जितना ही बड़ा नैतिक अपराध है। रक्तदान का महत्व बताते हुये श्री सिंह ने कहा कि दान श्रेष्ठ है और रक्तदान सर्वश्रेष्ठ है। इससे हम प्रत्यक्ष रूप से किसी को जीवन देते हैं। जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविरों से अर्जित रक्त आज क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को चढ़ाया जा रहा है जो खून की कमी से एनीमिया पीड़ित हैं।

# अग्निवीरों के लिए संचालित पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी

## कुलपति ने सौंपी अंक सूची, 822 अग्निवीरों ने पाठ्यक्रम किया पूर्ण



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि और महार रेजिमेंट के बीच हुये एमओयू के तहत चलाये जा रहे पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिये गये। गौर समिति कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने महार रेजीमेंट के अधिकारियों को 822 अग्निवीरों के अंक पत्र सौंपे। इस सत्र में कुल 822 अग्निवीरों ने पाठ्यक्रम पूर्ण किया। इनमें से 472 अग्निवीरों ने प्रोफेशनल कम्युनिकेशन में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम पूरा किया। 350 अग्निवीरों ने उद्यमिता विकास एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन पाठ्यक्रमों की उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः 98.73 प्रतिशत और 98.57 प्रतिशत रही। अग्निवीरों का यह दूसरा बैच है। पिछले वर्ष 491 अग्निवीरों को डिग्री प्रदान की गई थी। कार्यक्रम में प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त अग्निवीरों को कुलपति द्वारा अंकपत्र प्रदान किये। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि सागर मुख्यतः दो चीजों के लिये काफी प्रसिद्ध है। एक विवि और दूसरा महार रेजीमेंट सेंटर विवि ने अग्निवीरों के लिये पाठ्यक्रम शुरू करके रक्षा सेवा और विवि के बीच एक सेतु का कार्य किया है। हम एक शैक्षणिक संस्थान होने के नाते सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र प्रथम के कर्तव्य के तहत देश के वीर जवानों के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। आने वाले दिनों में अग्निवीरों के लिये नये पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। इस अवसर पर दो अग्निवीर शिवम दांगी एवं पीयूष मील ने अपने अनुभव साझा किये, उन्होंने विवि से प्राप्त प्रशिक्षण को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अत्यंत लाभकारी बताया। महार रेजिमेंट की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल सिद्धार्थ दीक्षित और मेजर विनय प्रसाद ने विवि द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयास के लिये आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महार रेजिमेंट से सूबेदार मेजर प्रीतम, सूबेदार मेजर त्रिलोक सेवानिवृत्त, सूबेदार वरुण, नायब सूबेदार पंकज, डॉ. एसपी उपाध्याय, प्रो. अजीत जायसवाल, प्रो. नवीन कानगो, डॉ. सुरेन्द्र पी गादेवार, डॉ. वंदना राजौरिया, डॉ. शालिनी चोइथरानी, मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### छत से गिरकर शिक्षक की मौत, जांच शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला कस्बे के वार्ड 7 में किराए के मकान की छत से गिरने से सीएम राइज स्कूल में पदस्थ शिक्षक की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंदला के सीएम राइज स्कूल के शिक्षक हेमंत कुमार माहौर अपने किराए के मकान में छत पर खड़े होकर बड़े बेटे साहिल से फोन पर बात कर रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वे छत से नीचे गिर पड़े। डेढ़ से दो घंटे बाद जब परिजनों ने हेमंत से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, तो फोन नहीं लगा। सूचना मिलते ही साथी मौके पर पहुंचे और देखा कि हेमंत अचेत अवस्था में छत के नीचे पड़े थे। तुरंत उन्हें चंदला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम करके परिजनों को सौंप दिया है।

### तड़पती प्रसूता को अधिवक्ता ने रक्तदान कर दिया नया जीवन

**छतरपुर, देशबन्धु।** कहते है डॉक्टर के साथ साथ रक्तदानी भी फरिश्ते बनकर पीड़ित की मदद करके उसे जीवनदान देते है। रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला रानू चौरसिया जिन्हें रेयर ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी। परंतु उक्त ब्लड नही मिलने से हालात नाजुक बनी थी। परेशान परिजनों की सूचना पर कई बार रक्तदान कर चुके अधिवक्ता राजवर्धन मिश्रा ने ब्लड बैंक आकर अपने रेयर ब्लड ग्रुप के रक्तदान से पीड़िता की मदद की। रक्तदानी राजवर्धन ने सन्देश में कहा कि मैं बहुत खुशी महसूस करता हूँ, जब किसी पीड़ित की अपने रक्तदान से मदद करता हूँ। मेरा हौसला हर बार बढ़ता जाता है और में पीड़ितों की सेवा करता जाता हूँ। उन्होंने कहा नगर के सभी स्वस्थ नागरिक रक्तदान में आंगे आएं जिससे ज्यादा से ज्यादा पीड़ितों की मदद हो सके।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारी हितों पर हुई चर्चा

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कर्मचारियों के सातवे वेतनमान के निर्धारण, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, एरियर्स, इंक्रीमेंट, सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, स्वत्व भुगतान, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण व अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने आश्वस्त किया कि मांगों एवं सुझावों को सूचीबद्ध करके विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एएसपी विदिता डागर एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित संबंधित जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### टीबी के मरीजों को सिविल अस्पताल में बाटी पौष्टिक किट



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नि-क्षय मित्र अभियान (टीवी मुक्त भारत) के तहत टीवी के मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए किट औषधि विक्रेता संघ के तत्वावधान सिविल अस्पताल हटा में असहाय निर्धन मरीजो को बाटी गई। जिसमें बी एम ओ डॉ उमाशंकर पटेल, डॉक्टर क्षितिज चौरसिया क्षय रोग प्रभारी हरिकृष्ण दहायत अस्पताल के स्टाफऔर हटा मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति रही। नि-क्षय मित्र अभियान में चलाये जा रहे हर माह के लिए टीवी मरीजो का लखन मोदी, सुशील बजाज,मनीष सिंघई, श्याम नायक, रविकांत बिदोल्या, अज्जू हसन, योगेश अग्रवाल, दीपांशु सोनी, धर्मेंद्र साहू एवं सुधीर पाठक ने 10 टीवी मरीजो को पौष्टिक आहार एवं देख रेख की जिम्मेदारी ली।

अतिक्रमण हटाने में नहीं प्रशासन की रुचि, ग्रामीणों ने हर तरफ कब्जाई जमीनें

# सरकारी जमीनों पर कब्जा करके बना लिए मकान, उगाई जा रही फसल



**छतरपुर, महाराजपुर, देशबन्धु।** जिले की महाराजपुर तहसील के अंतर्गत 30 पटवारी हल्कों में लोग बेखौफ तरीके से सरकारी जमीनों को कब्जाने में जुटे हैं। प्रशासन को अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने में जरा भी रुचि नहीं है। इसी कारण सरकारी जमीनों पर मकान बना लिए गए हैं और खेती करके फसल उगाई जा रही है।

महाराजपुर तहसील अंतर्गत 30 हल्कों में पदस्थ पटवारी ही सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कराने में सबसे आगे हैं। इसी कारण वे ग्रामीणों से ले-देकर उन्हें सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की छूट दिए हैं। ये सच्चाई ग्राम ढिगपुरा, बर्रोही, सैला, उर्दमउ, गौरारी, बेदार, पड़वाहा सहित तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी 50 गांवों में देखी जा सकती है। जिसे जहां भी सरकारी जमीन नजर आती है वह वहां अतिक्रमण करके मकान बना लेता है या फिर जुताई करके फसलें उगाने लगता है। कहीं भी पशुओ की चरनोई भूमि भी नहीं बची है। कुल मिलाकर सारी सरकारी जमीनें अवैध तरीके से कब्जेदारों की हो गई हैं। ऐसे में पंचायतों को विकास कार्यों के लिए सरकारी जमीन नहीं मिल रही है। पहले बडी मुश्किल से ऐसी जमीन खोजी जाती है जिस पर किसी का अवैध कब्जा न हो, उसके बाद काम हो पाता है।

#### उर्दमऊ में सरकारी जमीन कब्जाकर बनाया मकान

ग्राम उर्दमऊ में शासकीय खसरा नम्बर 1816 रकवा 2.461 हेक्टेयर में 2800 वर्ग फुट जमीन पर ग्राम के दबंग रज्जन, अखिलेश, मनोज और पुष्पेंद्र दीक्षित ने कब्जा करके वर्ष 2021 में मकान बनवा लिया है। इस प्रकरण में तहसीलदार कोर्ट ने 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर सरकारी जमीन से बेदखली का आदेश दिया था, मगर अतिक्रमण नहीं हट पाया। 4 बर्ष बाद 6 मार्च को एक बार फिर तहसीलदार कोर्ट द्वारा इस सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाकर जुर्माने की राशि 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 6 लाख 90 हजार रुपए जमा कराने का आदेश दिया गया। राजस्व टीम ने ले-देकर अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति भर की। इसके बाद दोबारा वहां पक्का निर्माण कर लिया गया।

**इनका कहना है**

महाराजपुर तहसील क्षेत्र में जहां भी सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है, उसकी जानकारी जुटाकर तहसीलदार को सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाएंगे।

**जीपी पटेल**
**एसडीएम, नौगांव**

#### दबाली सरकारी और गौशाला की जमीन

ग्राम पंचायत बर्रोही में खसरा क्रमांक 385 रकवा 0.5140 हैक्टेयर, खसरा क्रमांक 394 रकवा 0.6560 हैक्टेयर में सरकारी जमीन पर ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। सरंपच का कहना है पंचायत कार्यालय की ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इस कारण पंचायत कार्यालय की बाउंड्रीवाल नहीं बनवा पा रहे हैं। इस बारे में कई बार राजस्व अधिकारियों को आवेदन दिए, मगर कार्यवाही न होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

इसी तरह ग्राम पंचायत सैला में गौशाला की जमीन पर अतिक्रमण करके ग्रामीण वहां खेती कर रहे हैं। सरपंच और सचिव ने कई बार इस बारे में शिकायतें भी कीं, लेकिन आज तक सरकारी जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका।

नतीजतन लगभग तीन साल से पंचायत में गौशाला का निर्माण नहीं हो पाया है।

## तहसीलदार छतरपुर ग्रामीण, गौरिहार, सरबई और नायब तहसीलदार जुझारनगर को दिए नोटिस




छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करके लंबित प्रकरणों का निराकरण तेजी से करने के निर्देश दिए गए। काम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की क्लास लेकर उन्हें नोटिस भी थमाए गए।

कलेक्टर श्री जयसवाल ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नौगांव, छतरपुर और लवकुशनगर एसडीएम को 2 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश देते हुए कहा सभी एसडीएम मुख्यालय पर रहें। अधिक प्रकरण लंबित होने पर तहसीलदार छतरपुर ग्रामीण ईशानगर को चेतावनी दी गई। सरवई और जुझारनगर के नायब तहसीलदारों के अधिक लंबित केस और सरवई का सीमांकन निराकरण प्रतिशत 17.33 होने पर अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस दिए गए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने छतरपुर एसडीएम से कहा शिविर में पटवारियों को लगाकर सीमांकन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। सीमांकन के सभी आवेदन लोकसेवा केंद्र के माध्यम से ही लें, कोई भी आवेदन ऑफलाइन स्वीकार न किया जाए। नौगांव एवं ईशानगर कोर्ट के रीडर लॉगिन पर केस लंबित होने पर रीडर को नोटिस देने निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी के तहत प्रकरणों का निराकरण समय से न होने पर नौगांव व लवकुशनगर तहसीलदार पर तीन-तीन हजार और बक्सवाहा तहसीलदार पर एक हजार रुपए की पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

#### फॉर्मर आईडी, आधार से खसरा लिंकिंग में तेजी लाएं

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण आबादी सर्वे कार्य को जून माह में पूरा करने पर जोर देकर तहसीलदार छतरपुर ग्रामीण को ग्राउंड ट्रूथिंग में कुछ ग्राम लंबित होने पर नोटिस दिया गया। कलेक्टर ने फार्मर आईडी, आधार से खसरा लिंकिंग एवं तर्मीम के कार्य में विशेष कैम्प लगाकर 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति लाने और गिरदावरी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बकाया राजस्व वसूली का प्रतिशत बढाने के निर्देश देकर कलेक्टर ने कहा डायवर्सन की बकाया वसूली में संबंधितों को नोटिस देकर वसूली करें। एसडीएम बिजावर को केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट से संबंधित भू-अर्जन विस्थापन पैकेज की बकाया राशि संबंधितों के बैंक खातों में डालने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाईन की अधिक शिकायतें लंबित होने पर कलेक्टर ने तहसीलदार ग्रामीण छतरपुर और लवकुशनगर को काम में सुधार लाने की चेतावनी दी। चंदला तहसीलदार की 50 दिन से अधिक की 98 शिकायतें लंबित होने पर नोटिस दिया गया।

## बौछारें पड़ते ही खेत में बुबाई की तैयारियों में जुटे किसान



**महाराजपुर, देशबन्धु।** हाल ही में बौछारें उड़ते ही किसान खेतों की जुताई करके खरीफ फसल की बुवाई की तैयारियों में जुट गए हैं। किसान देवेंद्र पटेल एवं नरेश कुशवाहा ने बताया खेत तो तैयार कर लिए लेकिन विभाग से खाद बीज समय से मिलना मुश्किल लग रहा है। कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से जब खाद बीज की बात करते हैं, तो जबाब मिलता है कि खाद बीज आने पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस समस्या से किसान परेशान हैं। उनका कहना है यदि समय से खाद बीज नहीं मिला, तो वे कैसे खेतों में बुबाई कर पाएंगे। फिलहाल किसान खाद बीज की जुगाड में सेवा सहकारी समितियों और ग्राम सेवकों के चक्कर लगाने लगे हैं, लेकिन खाद बीज न मिलने से निराश होना पड़ रहा है। ऐसे में बाजार से मनमाने रेट पर खाद बीज खरीदना पड़ेगा। ग्रामसेवक अग्रज द्विवेदी ने बताया अभी विभाग के पास बीज नहीं आया है, अभी मीटिंग में पता चलेगा कि बीज कब तक आएगा। एसएडीओ कृषि बीएस पटेल का कहना है अभी मिट्टी परीक्षण का कार्य किया जा रहा है, किसानों को खेती के बारे में सलाह दी जा रही हैं। विभाग से जैसे ही बीज प्राप्त होगा, वैसे ही किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## ट्राले ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंदा, दोनों की दर्दनाक मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** बीती रात महाराजपुर थाना क्षेत्र के डुमरा तिराहे के पास ग्रेनाइट पत्थर से लदे तेज रफतार ट्राले ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रौंद दियाए जिससे एक की मौके पर और दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार बगमऊ गांव निवासी 42 वर्षीय अजुद्दी अहिरवार और कालीचरण अहिरवार एक मोटर साइकिल से महाराजपुर में एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। कटहरा गांव की एक ग्रेनाइट खदान से पत्थर लादकर तेज रफ्तार से आए एक ट्राले ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि अजुद्दी अहिरवार की मौके पर मौत हो गई, उसका शव दो हिस्सों में बंट गया था। वहीं कालीचरण अहिरवार गंभीर रुप से घायल हो गया।

जिसे अस्पताल ले गए, वहां उसकी भी मौत हो गई। हाइसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया है। हादसे से गुस्साए परिजनों ने नायरा पेट्रोल पंप के पास सड़क पर बैठकर आंदोलन शुरु कर दिया। जिससे यातायात ठप हो गया। ये खबर मिलते ही एसडीओपी नवीन दुबे के साथ महाराजपुर, सिविल लाइन थाना छतरपुर से पुलिस बल मौके पर जा पहुंचा। एसडीओपी ने परिजनों को समझाकर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे बाद लोग सडक से हटे तब यातायात सुचारु हो सका।

## कुटने डैम पर क्रेन मशीन ने मजदूर को रौंदा, मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** स्थानीय कुटने डैम स्थित वाटर प्लांट पर एक क्रेन मशीन ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रहने वाले मजदूर समीर चांदसी 40 वर्ष को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। ये हादसा तब हुआ जब समीर डैम में नहाकर वापस लौट रहा था, तभी पीछे से आ रही क्रेन मशीन ने उसे टक्कर मारकर रौंद दिया। गंभीर घायल समीर को तुरंत राजनगर अस्पताल ले गए, वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। राजनगर टीआई परशुराम डाबर ने बताया जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

## मनमानी: बगौता मौजा में खोद डाली आधी पहाड़ी

**छतरपुर, देशबन्धु।** तहसील के बगौता मौजा में क्रेशर प्लांट के लिए पत्थर खदान मंजूर की गई है। इसके बाद कंपनी ने बडी तेजी से खनन करके आधी पहाड़ी को खोदकर खाई में तब्दील कर दिया है। बीच में शिव मंदिर आ जाने से फिलहाल खनन रोक दिया गया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में जिला खनिज विभाग ने खसरा 2669 पर 4 हेक्टेयर रकबा में पत्थर खदान को मंजूरी दी थी। कंपनी ने पहाड़ी के एक कोने से काम शुरु किया और लगातार बडी तेजी से खनन करके आधी पहाड़ी को खोद डाला है। इस पहाड़ी के बीचोंबीच एक शिव मंदिर और हमेशा पानी से भरा रहने वाला एक छोटा सा कुंड आ जाने से कंपनी को पहाड़ी पर आगे खनन रोकना पडा है। बताया गया है वर्ष 2019 में कंपनी ने पहाड़ी में भारी मात्रा में पत्थर होने के बावजूद लीज रिन्यू नहीं कराई इस कारण खनन रुक जाने से पहाड़ी का लगभग आधा हिस्सा बच गया है। ग्रामीणों का कहना है यदि इसी तरह से पहाड़ी पर खनन को मंजूरी दी जाती रही तो बगौता मौजा में पहाड और मंदिर कुछ नहीं बचेगा। इसे लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है।

## अमृत पार्क में टेनिसकोर्ट और पलौठा स्टेडियम में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाएं

छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर शहर में जारी विभिन्न विकास कार्यों, शासकीय भूमि एवं प्रस्तावित कार्यों के लिए चिन्हित स्थलों को निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण में उनके साथ एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य अधिकारी और इंजीनियर भी मौजूद थे। कलेक्टर ने शहर के सटई रोड पर बनाए गए अमृत पार्क में स्विमिंग पूल और टेनिसकोर्ट बनाने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। गुरैया रोड स्थित एएचपी साइट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए भवनों का मुआयना करके उनकी बिक्री योजनाबद्ध तरीके से करने को कहा। पलोठा स्टेडियम का जायता लेकर कलेक्टर ने वहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने, आसपास के पार्क, सड़क सहित अन्य विकास कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान महोबा रोड पर बनने वाले आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कहा शहर के विकास कार्यों पर फोकस करके प्राथमिकता से काम पूरे कराएं, जिससे आमजन काके जल्द अच्छी सुविधाएं मिल जाएं।

## 2 करोड़ के बजट से नहीं हो सका आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प

**छतरपुर, देशबन्धु।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रशासन किस तरह से फिसड्डी है, ये इस बात से जाना जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में महिला वाल विकास विभाग को 150 से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली कनेक्शन जैसे कार्यों के लिए मंजूर दो करोड़ रुपए किसी काम नहीं आ सके हैं।

सूत्रों की मानें तो तीन अलग-अलग किस्तों में लगभग दो करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। इस राशि से जिले के करीब 150 से भी अधिक आंगनवाड़ी केन्द्र में शौचालय बनाए गए, न बिजली जली और न ही पेयजल का प्रबंध किया गया। जिम्मेदारों की लापरवाही से आवंटित राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न हो पाने से चालू वित्तीय वर्ष में शेष आँगनवाड़ी केन्द्रों के लिए राशि आवंटन अटक गया है। बताया गया है कि आंगनबाडी केन्द्रों पर सुविधाएं मुहैया न करा पाने में जिला पंचायत की लापरवाही सामने आई है।

दरअसल महिला बाल विकास विभाग ने राशि मिलते ही नोडल एजेंसी जिला पंचायत के खाते में जमा करा दिया था। इसके बाद जिला पंचायत इस राशि का उपयोग करना भूल गई। जब इस बारे में जिला पंचायत से पत्राचार हुआ तो जिला पंचायत ने आनन फानन में यह राशि कुछ पंचायतों को आवंटित करके अपनी कमी को छुपाया। मगर इस राशि का एक बड़ा हिस्सा आज भी जिला पंचायत के खातो में डंप है। इस प्रकरण में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है।

## आरटीओ ने की यात्री एवं स्कूल बसों की चेकिंग, 7 बसों के चालान

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को आरटीओ मधु सिंह द्वारा छतरपुर शहर के महोबा रोड पर यात्री एवं स्कूल बसों की चेकिंग की गई। उस दौराब बसों के परमिट सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए गए। 28 बसों की जांच करके 7 बसों पर विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही कर 9 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा एक स्कूल बस बिना परमिट की चलते पाए जाने पर बस को जब्त कर थाने में सुरक्षार्थ कराया गया। आरटीओ बे बताया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आने जाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त स्कूली वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए। ताकि आपात स्थिति में आवश्यकता पडने सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि होना अनिवार्य है। इसके अलावा नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## बीएससी कृषि प्रवेश परीक्षा 8 जून को

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 8 जून को किया गया है। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों से कहा गया है कि प्रवेश पत्र 3 जून से एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर हैं, समय रहते पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें। विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र में सुबह साढे 9 बजे प्रवेश पत्र की हार्ड कॉपी और एक वैध पहचान पत्र के साथ आना अनिवार्य है। किसी भी तरह की तकनीकी समस्या हो तो अभ्यर्थी संबंधित सहायता केंद्र या विश्वविद्यालय से संपर्क करें।

जिले में जगह जगह लोगों ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण को बचाने का संकल्प

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरियाली का संकल्प लेकर कई जगह रोपे गए पौधे





**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर हर बार की तरह इस बार भी हरियाली का संकल्प लेकर कई जगह पौधे रोपे गए। कलेक्टर ने खुद कई जगह जाकर पौधे रोपकर लोगों को पौधे लगाने और बडे होने तक उन्हें बचाने की प्रेरणा दी। महर्षि विद्या मंदिर, नगर पालिका छतरपुर द्वारा भी पौधे रोपे गए। हरपालपुर में ब्रह्माकुमारीज द्वारा पौधे रोपकर हरियाली बचाने का संदेश दिया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर में हनुमान टोरिया के पीछे स्थित पं देशराज पटेरिया पार्क और देरी रोड स्थित फरूट फोरेस्ट में पौधारोपण किया।

इस दौरान नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एसडीएम अखिल राठौर, पीओ डूडा साजिदा कुरैशी, खनिज अधिकारी अमित मिश्रा, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित समूह की महिलाएं, अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधे रोपे। देरी रोड स्थित खनिज विभाग द्वारा निर्मित फरूट फोरेस्ट में कलेक्टर ने आम और जामुन पौधे रोपे। कलेक्टर ने कहा फरूट फॉरेस्ट को खनिज विभाग विकसित कर रहा है। यहां लगाए पौधों का रखरखाव स्वसहायता समूह की महिलाएं करेंगीं। महिलाओं के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट विकसित करेंगे इससे उनकी आजीविका को संबल मिलेगा। बताया गया कि जिले में 300 से अधिक फरूट फॉरेस्ट लगाने का लक्ष्य है, जो मानसून में पूरा किया जाएगा।

फोटो-4-5

#### चारों ओर हरियाली से लाएंगे खुशहाली

छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर में राहुल कुशवाहा, मनोज पाठक, राहुल खरे, विजय निगम, जितेंद्र विश्वकर्मा, उषा मिश्रा, अलका रिछारिया, राजनारायण रैकवार, उमेश पटेल, उपेन्द मिश्रा और ठाकुरदास सहित अन्य शिक्षकों ने परिसर में कई पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे रोपेंगे बल्कि उनकी देखभाल भी करेंगे। प्राचार्य सीके शर्मा ने स्वस्थ पर्यावरण को सुरक्षित भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि हम सब मिलकर चारों ओर हरियाली से खुशहाली लाएंगे। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, बिजली और पानी भी बचाएंगे।

#### कचरा प्रसंस्करण केन्द्र में रोपे गए पौधे

छतरपुर नगर पालिका द्वारा सीएमओ माधुरी शर्मा, स्वच्छता विशेषज्ञ डीडी तिवारी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर आनंद शर्मा, सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, उपयंत्री अंकित अरजरिया, गोकुल प्रजापति और नीतेश चौरसिया सहित एवं समाजसेवियों ने कचरा प्रसंस्करण केंद्र परिसर में कई छायादार व फलदार पौधे रोपे हैं। सीएमओ ने कहा कि हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरुक होकर कम से कम एक-एक पौधा जरुर लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

#### पौधा लगाकर जीवन सुरक्षित बनाएं

**हरपालपुर, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारीज दिव्य धाम में दीप प्रज्वलित करके पौधे रोपने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर विद्युत कंपनी के रिटायर्ड इंजीनियर श्रीराम अग्रवाल, केशव अग्रवाल मुख्य रुप से उपस्थित थे। बीके आशा बहन ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए कहा पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है। ऋतुएं निर्धारित समय से नहीं आ रही हैं। इस स्थिति को संभालना हम सबका काम है। उन्होंने प्रकृति के पांच तत्वों की सुरक्षा पर जोर दिया। सभी ने पौधे लगाकर जीवन को सुरक्षित बनाने का संकल्प भी लिया।

सागर, शुक्रवार 6 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## एक और भगदड़, अब जनता ही सावधान रहे

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का स्वागत कार्यक्रम एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। एक तरफ स्टेडियम के भीतर जश्न चल रहा था और दूसरी तरफ स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसे संभालने में पुलिस नाकाम रही और नतीजा भगदड़ के रूप में सामने आया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि 30-35 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में समाने के लिए करीब ढाई-तीन लाख लोग आ गए थे। इस घटना ने एक बार फिर भारत में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। इससे पहले इसी साल महाकुंभ, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और उससे पहले हाथरस में ऐसी ही भगदड़ें हुई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में मौतें हुईं। इन मौतों का सही आंकड़ा कभी सामने नहीं आता, कभी यह पता नहीं चल पाता कि दोषियों की शिनाख्त हुई या नहीं, उन्हें सजा मिली या नहीं और न ये पता लगता है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बनाई जाएगी या नहीं। अगर ऐसा होता तो हर दो-चार महीने में भगदड़ के हादसे नहीं होते।

दरअसल हिंदुस्तान में आम आदमी की जान की कोई कीमत ही नहीं रह गई है। बाढ़, बारिश, लू, ठंड, कुपोषण, इलाज न मिलना, सड़क हादसे, भगदड़ वजह कोई भी हो सकती है, लेकिन हर साल ऐसे ही किसी बहाने की आड़ में सैकड़ों जिंदगियां अकाल मौत का शिकार होती हैं। ऐसी मौतों पर सरकारों को कितना अफसोस होता है, यह तो कहा नहीं जा सकता, अलबत्ता इन पर राजनीति खूब होती है। शायद इसलिए इन्हें रोकने की कोई कोशिश भी नहीं होती। वर्ना बाढ़, बारिश, गर्मी सबकी भविष्यवाणी पहले से मौसम विभाग कर देता है, तो सरकारें उस हिसाब से व्यवस्था कर सकती है ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। इसी तरह अस्पतालों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था चाक-चौबंद करके हादसों को रोका जा सकता है। अब तो आपदा प्रबंधन विभाग भी है। लेकिन फिलहाल देश में आपदा प्रबंधन आग लगने पर कुआं खोदने की तर्ज पर काम करता है।

बेंगलुरु मामले में गनीमत इस बात की है कि यहां कांग्रेस की राज्य सरकार मुंह छिपाती नहीं फिर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सब मीडिया के सामने आकर अपनी बात कह रहे हैं, अस्पतालों में पीड़ितों से मिल रहे हैं। जबकि हाथरस और प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में भाजपा सरकार का रवैया बिल्कुल उलट रहा। महाकुंभ में तो असल में कितने लोगों की मौत हुई और कितनी भगदड़ मची, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता इस बार भाजपा को कांग्रेस सरकार को घेरने का मौका मिल रहा है, तो वह जरा सी कसर नहीं छोड़ रही। राज्य सरकार पर घोर लापरवाही के इल्जाम लगाए जा रहे हैं, इस्तीफा मांगा जा रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का रवैया बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिए, साथ ही जनता की जान को एक जैसा ही कीमती समझना चाहिए। बहरहाल, इस मामले में बैंगलोर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई की थी, जिसमें सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रही है, इसलिए इसे एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाली बात नहीं बनानी चाहिए, हमारा ध्यान घटना की जांच करने और कार्रवाई करने पर है। अदालत जो आदेश देगी हम उस अनुसार काम करने को तैयार हैं। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो एक एसओपी यानी मानक प्रक्रिया होना चाहिए। अदालत ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और आरसीबी दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब संभवत: मंगलवार को होगी।

फिलहाल सरकार और आरसीबी ने पीड़ितों के लिए अलग-अलग मुआवजे का ऐलान कर दिया है। लेकिन एक शाश्वत सवाल है कि क्या चंद लाख रुपयों से जो जानें गई हैं, वो क्या वापस आ जाएंगी। असली मुआवजा तो वही होगा जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मगर जिस तरह इस मामले को राजनैतिक हिसाब-किताब चुकता करने का जरिया बनाया जा रहा है, उसमें अच्छाई की उम्मीद नहीं दिखती।

अब इस देश की जनता को विचार करना होगा कि आखिर वह कब तक अकारण जान दांव पर लगाती रहेगी। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता, बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह बात मैच खत्म होने और विजेता को ट्राफी मिलने के साथ ही खत्म भी हो जानी चाहिए। मगर मीडिया, सोशल मीडिया इन सबके बनाए चकाचौंध वाले माहौल में आम आदमी अपनी सुधबुध खोकर वही करने लगता है, जो ये चाहते हैं, जिनसे इन्हें मुनाफा होता रहे। विजेता टीम को खुली बस में घुमाना, जीत की परेड निकालना, उनके स्वागत में जश्न रखना, इन सबमें खिलाड़ियों, टीमों और उनके प्रायोजकों को भारी-भरकम कमाई होती है। आईपीएल जैसे विशुद्ध व्यावसायिक आयोजन में तो कोई भी टीम हारे या जीते कमाई हर हाल में होती है। पर्दे के पीछे बैठे कारोबारी हर ओवर पर अरबों की कमाई करते हैं। ये वही लोग होते हैं जो करोड़ों में खिलाड़ियों को खरीदते हैं, फिर उनसे जुड़े किसी भावनात्मक पहलू को लेकर माहौल बनाते हैं। जैसे अभी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया तो इस बार उनका माहौल बना था और इसलिए आरसीबी की जीत में विराट नायक बना कर पेश किए गए। आईपीएल के कर्ता-धर्ता जानते हैं कि विराट की प्रसिद्धि से मुनाफा कैसे कमाया जा सकता है। उन्होंने मुनाफा कमा लिया, 11 लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया और विराट कोहली यह कहकर चलते बने कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं।

कम से कम जनता से इतनी अपील ही कर देते कि आगे से ऐसे आयोजनों में जान जोखिम में डालकर शामिल न हो, कम से कम नेताओं से अपील कर देते कि इस हादसे पर न्याय दें, राजनीति न करें। लेकिन विराट कोहली के पास शब्द नहीं हैं, और अरबों की कमाई करने वाले उन जैसे खिलाड़ियों का भी यही हाल होगा, दरअसल इनके पास शब्दों नहीं हिम्मत का अकाल है। खैर अब जनता को ही विचार करना चाहिए कि अपना धन और अपनी जान दोनों देकर भी उसे आखिर में क्या हासिल हो रहा है।

# सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान

हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और ज़िम्मेदार दिमाग ज़्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पिट्ठू या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे-पिटे चेहरे टीवी चैनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां 'ऐलिस इन वंडरलैंड' की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल 'पॉलिटिकली मोटिवेटेड+ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से ज़रूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाज़ें हैं-भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की।

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि-भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे ख़त्म करना चाह रहा हो।

**उनकी तीन खास बातों में पहल**

दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का ज़िक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा।**

रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन 'प्रारंभिक नुकसानों' के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को 'पूरी तरह ग़लत' कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने ज़ोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना ज़रूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, 'हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।' इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को 'कट्टर दुश्मन' बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव ख़राब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,- 'ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच-समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।' उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को 'बहुत दूर की बात' कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका।

होना तो यह चाहिए था कि इन गंभीर बातों को गंभीरता से लिया जाता लेकिन देश के ज़िम्मेदारों की रुचि तो तीनों सेना प्रमुखों को आईपीएल मैच देखने के लिए न्यौता देने में (जिसे स्वीकार नहीं किया गया) रही, कर्नल सोफ़िया कुरैशी के परिवार से सरकार पर फूल बरसवाने में और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री की सुनें तो यह बताने में रही कि 'देश की सेना भी हमारे नेता के चरणों में नतमस्तक है।' अफ़सोस कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रतिबद्धता के साथ जीने वालों की शान के ख़िलाफ़ आए इस बयान पर कोई सशक्त प्रतिकार सत्ता पक्ष की ओर से नहीं आता। बहरहाल जनरल चौहान की टिप्पणियों के बाद अब मोदी सरकार से यह मांग उठनी शुरू हो गई है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर आधिकारिक रूप से और ज़्यादा पारदर्शिता बरती जाए, क्योंकि यह अहम खुलासे देश के बाहर, विदेशी धरती पर किए गए थे। वैसे शांगरी-ला डिफ़ेंस कॉन्फफेंस प्रमुख देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मलेन भी है। सवाल ये भी हैं कि हमारे रक्षा मंत्री क्यों नहीं गए? जवाब मिलने चाहिए कि जो नुकसान हुआ वह राफेल का था या किसी और फाइटर जेट का, क्या पाकिस्तान को पहले सूचना देने का भी इस हानि से कोई ताल्लुक है; और जब सीडीएस खुद मान रहे हैं कि चूक हुई है तब क्या भारत ने पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी मिसाइलों को अनदेखा किया और क्या यह भी एक चूक ही कही जाएगी कि भारत ने मान लिया कि बालाकोट की तरह इस बार भी पाकिस्तान चुप रहेगा? जो तात्कालिक नुक़सान साफ़ दिख रहा है वह यह है कि दुनिया अब भारत-पाकिस्तान को एक पलड़े पर रखती हुई नज़र आ रही है।

विदेशी धरती से दूसरी बड़ी आवाज़ भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई की सुनाई दी है जो मंगलवार को लंदन में आयोजित ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट की चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद जजों की सरकारी पदों पर नियुक्ति और चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि ये गंभीर नैतिक चिंताएं हैं। उन्होंने कहा- 'अगर कोई जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकार से कोई पद लेता है या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे देता है तो उससे कई सवाल खड़े होते हैं। लोग सोचते हैं कि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। उन्हें लगता है कि जज सरकार से फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की चीज़ें न्यायपालिका की ईमानदारी पर सवाल उठाती हैं। लोगों को लगता है कि जजों ने भविष्य में पद पाने के लिए फैसले दिए थे।' दरअसल 2014 से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एस. अब्दुल नज़ीर (आंध्र प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त) और न्यायाधीश रंजन पी. गोगोई (राज्यसभा में नियुक्त) को सेवानिवृत्ति के बाद हाई प्रोफ़ाइल पद मिले। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने पद से इस्तीफ़ा देकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ा और आज सांसद हैं। ऐसे मामलों से इस बात पर बहस होती है कि क्या ये नियुक्तियां न्यायिक अखंडता से समझौता नहीं करतीं, जिसकी ओर सीजेआई साफ इशारा करते हैं? इस चर्चा में उन्होंने न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और कदाचार की बात भी कही थी। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं जिनके दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। विडंबना ही है कि देश के विशेषज्ञ बाहर अपनी बात तर्कसंगत होकर समझाते हैं और देश के भीतर हम मजबूर किए जाते हैं नकली बहस और कुतर्की बयान सुनने के लिए।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

■ अंजन रॉय

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद 'अमेरिका को परेशान करती है'। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है।

इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया।

लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

**विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है।**

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है।

वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90पतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी।

दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रेन पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी।

अमेरिका के लिए सबसे ज़्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली - तथाकथित एसएएम-400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत-पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश-400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है।

आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है।

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फ़ायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है।

वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने 'पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है। अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है।

अंदरूनी जानकारी से संकेत मिलता है कि अगर विनिर्माण गतिविधियों को इस तरह से व्यवस्थित किया जा सके तो भारत-अमेरिका व्यापार कारोबार कम समय में 500अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। हालांकि,भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भूमि और श्रम बाजारों के सुधारों जैसे कुछ बड़े आंतरिक सुधारों की आवश्यकता होगी।

फिर भी इन सुधारों को लागू करना आसान नहीं है। ये मूल रूप से एक लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में घरेलू राजनीतिक मुद्दे हैं। इसके लिए विभिन्न राज्यों में सत्तासीन प्रमुख राजनीतिक दलों और केंद्र के बीच लंबी बातचीत की आवश्यकता हो सकती है, और यहीं पर समस्या है।

आशाजनक संकेत यह है कि कुछ राज्य इन बाध्यताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता दिखा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो राज्य इन बाध्यताओं के प्रति सजग हैं, वे स्पष्ट प्रगति कर रहे हैं, जबकि जो राज्य अपनी कट्टर राजनीतिक स्थिति में अड़े हुए हैं, वे पिछड़ रहे हैं। इससे देश के भीतर प्रगतिशील और प्रतिगामी राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा हो सकती है जो विकास के लिए संयुक्त मार्ग निर्धारित कर सकती है।



## ललित सुरजन की कलम से

## स्थानीय स्वशासन कितना सार्थक?

*'सिंहदेवजी ने एक दिन कहा कि चुनाव के समय दूरदराज के मतदाता भी रातभर अपनी झोपड़ी की फटकी को आधा खुला रखते हैं और ढिबरी जलने देते हैं। यह बताने के लिए कि हम जाग रहे हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं, मतदान के पहले जो देना हो दे जाओ। मतलब यह कि चुनावों के समय उम्मीदवार अगर साड़ी, शराब, रुपया बांट रहे हैं तो उसे लेने से वे इंकार नहीं करते, फिर भले ही वोट किसी को भी दें। इतना तय है कि जिसने कुछ नहीं दिया उसे वोट पाने की उम्मीद भी नहीं करना चाहिए।'*

*'यह किस्सा इसलिए ध्यान में आया क्योंकि रायपुर नगर निगम के चुनाव में ही मुझे यहां-वहां से बहुत सारी खबरें सुनने मिलीं। मसलन, जुलूस निकालने और पर्चियां बांटने का रेट दो सौ-ढाई सौ रुपए प्रतिदिन था, भाजपा के उम्मीदवारों ने गरीब बस्तियों में तीन-तीन सौ रुपया बांटे, तो कांग्रेसियों ने दो सौ। कहीं-कहीं पांच सौ रुपए तक बांटने की खबरें आईं। चेपटी याने देशी दारू के पाउच तो बांटे ही गए। इस बार कुछ उम्मीदवारों ने अक्ल का परिचय देते हुए पैसा ब्राह्म मुहूर्त में बांटा जब विरोधी भी सोए हों, रात को जब पकड़े जाने की आशंका न हो। एम्बुलेंस गाडि़यों का उपयोग भी इस वितरण के लिए किया गया जिन पर सामान्यत: शंका नहीं होती और कई जगह पुलिस वालों ने देखकर भी नहीं देखा। जो रायपुर में हुआ वही अन्यत्र भी हुआ होगा। जब ये हाल हैं तो आने वाले दिनों की तस्वीर क्या होगी? इसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता स्थानीय चुनावों में ऐसे पाठ पढ़ा रहे हैं उनका भविष्य कितना उज्जवल होगा इसका भी अनुमान किया जा सकता है।'*

**(देशबन्धु में 1 जनवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/

## पावन प्रसंग

## ईद-उल-अज़हा : कुर्बानी का त्योहार और इसकी सामाजिक व समकालीन उपयोगिता

ईद-उल-अज़हा, जिसे ईद-ए-कुर्बान भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर का एक बेहद महत्वपूर्ण और पाक अवसर है। यह न केवल हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की आज्ञा पालन और वफ़ादारी की याद दिलाता है, बल्कि इसमें त्याग, दानशीलता, सामाजिक सहानुभूति, और रूहानी तर्बियत का एक मुकम्मल पैग़ाम भी छुपा होता है। यह त्योहार हमें सिर्फ जानवर ज़बह करने का नहीं बल्कि ज़िन्दगी के हर पहलू में कुर्बानी, सब्र और ज़िम्मेदारी अपनाने की तालीम देता है।

क़ुर्बानी की असल रूह-हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) का अमल हमें यह सिखाता है कि एक मोमिन इंसान को अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ भी अल्लाह की राह में देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह ईमानदारी और फ़रमानबरदारी की बेहतरीन मिसाल है, जो न सिर्फ़ हमारी ज़ाति ज़िन्दगी बल्कि पूरे समाज पर असर डालती है।

'अल्लाह तक न उनका गोश्त पहुंचता है और न खून, बल्कि तुम्हारा तक़्वा पहुंचता है।'

-(सूरह अल-हज्ज: 37)

सामाजिक समानता और सहानुभूति: ईद-उल-अज़हा हमें यह एहसास दिलाती है कि ख़ुशी और नेमतों पर हर इंसान का हक़ है — चाहे वो अमीर हो या ग़रीब। जब क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में तक़सीम किया जाता है— तो यह सिर्फ़ एक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक इंसाफ़ और भाईचारे की एक ज़िंदा मिसाल होती है।

पर्यावरणीय पहलू- आज के दौर में कुर्बानी के मौक़े पर माहौलियाती हिफ़ाज़त एक अहम मुद्दा बन चुका है।

जानवरों के ज़बह के बाद उनका फुज़ला, खून, खाल वग़ैरह अगर सही तरीक़े से नहीं निपटाया गया, तो यह माहौल को गंदा और नुक़सान पहुंचा सकता है।

इस्लाम हमें सिखाता है: सफ़ाई आधा ईमान है। इसलिए ज़रूरी है कि हम क़ुर्बानी करते हुए ऐसी जगहों और तरीक़ों को अपनाएं जहां शरई उसूलों का भी ख़याल रखा जाए और माहौल की भी हिफ़ाज़त हो।-

कुर्बानी में अनुशासन ईद-उल-अज़हा के दिन लाखों जानवरों की कुर्बानी एक बड़ा और मुनज़्ज़म अमल होता है। इसमें नज़्म-ओ-ज़ब्त, वक़्त की पाबंदी, सफ़ाई का ख्याल, और दूसरों के जज़्बात का एहतेराम शामिल होना चाहिए।

जानवर का सही चुनाव, ज़बह का तरीका, गोश्त की तकसीम—सब कुछ शरीअत के मुताबिक़ हो। बिना जानकारी कुर्बानी, गंदगी फैलाना, या दिखावा करना इस इबादत की रूह के ख़िलाफ़ है।

आधुनिक दौर में कुर्बानी का मतलब- आज के दौर में क़ुर्बानी सिर्फ़ जानवर के ज़बह तक महदूद नहीं रहनी चाहिए। हमें इस रूह को अपनी ज़िन्दगी में भी अपनाना होगा: वक़्त की क़ुर्बानी दूसरों के लिए, माल की क़ुर्बानी ज़रूरतमंदों के लिए, अना की क़ुर्बानी रिश्तों की भलाई के लिए, और ख्वाहिशों की क़ुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए।

अगर हम सिर्फ़ एक दिन गोश्त बांट कर पूरे साल बे-परवाह रहें, तो क़ुर्बानी का असल मक़सद खो जाएगा। ईद-उल-अज़हा हमें सिखाती है कि असली क़ुर्बानी वही है जो इख़लास, नियत, और इंसानियत की भलाई के साथ हो। यह एक ऐसा मौका है जब हम न स्रिर्फ अल्लाह की रज़ा हासिल करते हैं, बल्कि समाज में सहानुभूति, साफ़-सफ़ाई, अनुशासन, और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं।

अगर हम इस त्योहार की असल रूह को समझकर उस पर अमल करें, तो यह हमारे समाज में त्याग, बराबरी, भाईचारा, और शऊर की बेदारी का सबब बन सकता है।

**-नुजहत सुहैल पाशा**

## आपके पत्र

## शिक्षा का उज्ज्वल चेहरा: मिजोरम से क्या सीख सकते हैं हम!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की नि:स्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन-वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ, और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए।

भारत आज जिस 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की बात करता है, वह केवल जनसंख्या के आंकड़े नहीं हैं। वह एक ज़िम्मेदारी है देश की युवा शक्ति को सही दिशा देने की। सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था इस ज़िम्मेदारी के योग्य है? क्या हम केवल डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी पैदा करना चाहते हैं, या फिर ऐसे विवेकशील, संवेदनशील और सजग नागरिक, जो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें? मिजोरम इस प्रश्न का उत्तर है। एक छोटा राज्य, सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को लेकर उसकी सोच और क्रियान्वयन यह दिखाता है कि परिवर्तन नीचे से आता है, ऊपर से नहीं। जब शिक्षक बच्चों के नाम और उनके घरों को जानता है, अभिभावक शिक्षक से संवाद करता है, और समाज विद्यालय को अपना दायित्व मानता है, तब शिक्षा एक सामाजिक अभियान बन जाती है—न कि कोई सरकारी आदेश। मिजोरम की शिक्षा पद्धति में यह भी विशेष है कि वहां शिक्षा को जीवन मूल्यों से जोड़ा गया है। बच्चे वहां नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और आदिवासी अधिकार जैसे मुद्दों से भी परिचित होते हैं। इस समावेशी मॉडल का प्रभाव यह है कि वहां शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण है। यह दृष्टिकोण उस भ्रामक प्रतिस्पर्धा से मुक्त करता है जो आज अधिकांश राज्यों में विद्यार्थियों पर बोझ बन चुकी है।

मिजोरम का उदाहरण यह बताता है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सीमित संसाधनों के बीच भी शिक्षा को सामाजिक क्रांति में बदला जा सकता है। इसके लिए न केवल नीति चाहिए, बल्कि नीयत भी चाहिए। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

**-सोनम लववंशी**

# पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्यः अनिल ओझा



**बीना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु सामाजिक संस्था परमार्थ सेवा संगठन बीना एवं शहीद-ए-आजम सरदार भगतसिंह एवं आजाद क्रांति युवा मण्डल बीना द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संरपच संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी अनिल ओझा एवं वरिष्ठ चिकित्सा डॉ. सुन्दर पंथी ने रैली में पधारे सभी पर्यावरण प्रेमी बंधुओं को हरी झंडी दिखाकर साईकिल रैली को रवाना किया। इस अवसर पर अनिल ओझा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक भारत एवं विश्व के नागरिक का सामाजिक धार्मिक एवं नैतिक कर्तव्य है। साइकिल रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर कालेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा होते हुये अंबेडकर तिराहा पर समाप्त हुई। रैली में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा अब हमने यह ठाना है पर्यावरण बचाना है, सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, जल बचाओं कल बचाओं, सांसे हो रही कम वृक्षारोपण करें हम आदि नारे लगाये गये। अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र संस्था द्वारा प्रदान किये गये। डॉ. सुन्दर पंथी ने कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने का प्रयास करें। अध्यक्ष महेश दत्त तिवारी ने बताया कि साईकिल चलाने से पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है क्योंकि पेट्रोल नहीं जलेगा, ईंधन नहीं जलेगा तो पर्यावरण बचेगा। मो. रफीक सर ने बताया कि साईकिल चलाने से हेल्थ वेल्थ एवं पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं। कार्यकारी अध्यक्ष सुजित क्लाडियस ने कहा कि भावी पीढ़ी को भी पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि पर्यावरण बचेगा तभी हम भी बच पायेंगे। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी उमेश शर्मा ने बताया कि पर्यावरण बचाने का संदेश साईकिल रैली द्वारा जनमानस को दिया है। साईकिल रैली में प्रीती लखेरा, महेश दत्त तिवारी, सुजीत क्लाडियस, रविशंकर अवस्थी, आरके जैन, अवतार सिंह अरोरा, डालचंद पटैल, धर्मेंद्र नामदेव, जफर खान, अमित सेन, प्रमोद राय, सुजीत मिश्रा, काव्या लखेरा, लवानया राय, महादेव राय, विवेक अहिरवार, तोकित खान, प्रयाग पटैल, रिधीमा पटैल आदि उपस्थित थे, कार्यक्रम का मंच संचालन डालचंद पटैल द्वारा किया गया एवं अंत में आभार उमेश शर्मा ने माना।

# फोरलेन-चनारी मार्ग व अटाकर्नेलगढ़ उपस्वास्थ्य केन्द्र का हुआ भूमिपूजन



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन में 358 लाख रूपये फोरलेन से चनारी मार्ग निर्माण कार्य एवं लागत राशि 65 लाख रूपये से निर्मित हो रहे अटाकर्नेलगढ़ उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन अविराज सिंह ने किया। इस अवसर पर अविराज सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि 5 जून 1972 को जब विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत हुई तब उसके पीछे यह विचारधारा थी कि सभी राष्ट्रों में विकास हो रहा है और विकास से पर्यावरण को हानि हो सकती है। अतः विकास और पर्यावरण में संतुलन की आवश्यकता है। विकास ऐसा हो जिससे पर्यावरण की हानि न हो। इस विचारधारा के साथ विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत हुई। हमारे लिये दुर्भाग्य का विषय है कि पर्यावरण का जो नुकसान हो रहा है उसको हम कम तो कर पाये लेकिन उसको रोक नहीं पाये। इसका परिणाम हमें देखने मिल रहा है कि आज विश्व में कही भी भूकंप, सुनामी, चक्रवात आ रहे हैं।

# कर्रापुर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में बढ़ रहे कदमः विधायक



**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद कर्रापुर में 88.94 लाख रूण्के विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमि पूजन किये। उन्होंने मेन रोड से नगर परिषद कार्यालय तक दोनों ओर आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 82.3 लाख रुपये एवं वार्ड क्र.10 नेमा जी के मकान के पास सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य लागत 6. 81 लाख रुपये के भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना कर संपन्न किये। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि कर्रापुर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में कदम बढ़ रहे है। विश्व पर्यावरण दिवस का दिन कर्रापुर के लिये यादगार रहेगा जब नगर की सुंदरता एवं व्यवस्थितकरण के लिये बड़ी राशि से आरसीसी नाली निर्माण के कार्य संपन्न हो रहे है। निर्माण से नगर की सुंदरता बढ़ेगी, साथ ही जलभराव की समस्या का भी निदान होगा। नगर के संपूर्ण विकास के लिये सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सीएमओ कर्रापुर आदि उपस्थित रहे।

# डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**बीना, देशबन्धु।** डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में पौधारोपण किया गया। श्री मिश्रा ने स्वयं एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय कार्यालय के स्टाफ सदस्य चेतन श्रीवास्तव एवं शुभेंदु मित्रा की उपस्थिति रही। साथ ही विद्यालय के सहयोगी स्टाफ ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अशोक कुमार मिश्रा ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में, महीने में या वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये और उसकी देखभाल करनी चाहिये जैसे कि हम अपने बच्चे की करते हैं। वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये न केवल हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वायुमंडल को संतुलित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय द्वारा आयोजित यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रहा और सभी उपस्थितों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव जाग्रत किया।

## पर्यावरण हमारी सांझा धरोहर इसे बचाये रखने के लिये सामूहिक प्रयास आवश्यकः डॉ. श्रीवास्तव



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की पर्यारवण ईकाई के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने सहभागिता की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारी सांझा धरोहर है, इसे सहेजे रखने के लिये विश्व के प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः प्रयास करने की समझ जागृत करना होगी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन ने पर्यावरण की चिंता करते हुये एक ईकाई का निर्माण किया था, जिसके सार्थक प्रयास अब दिखाई दे रहे है। संगठन ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान का पूर्वामान लगाते हुये केन्द्र एवं राज्य शासन से इस पर प्रतिबंध लगाने के लिये मांग रखी थी, जिसे शासन ने नियम बनाकर लागू कर दिया। वर्तमान समय में नागरिक कर्तव्यों के आत्मबोध के प्रति लोगों को जागृत होना होगा। आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या पेयजल है। इसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास शासन द्वारा एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा किये जा रहे है, जो अभी पर्याप्त नहीं है। लोगों को समझना होगा कि सिर्फ नक्शा पास कराने हेतु ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम की राशि जमा करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्वयं की सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारी के तहत धरातल पर निर्माण करना होगा। शासन को भी आदेशात्मक रवैये को छोड़कर जन भागीदारी आंदोलन बनाने हेतु नवाचार करने होंगे। प्रीति केशरवानी ने विगत पर्यावरण दिवस पर लिये संकल्प घर में आये प्लास्टिक को ऑक्सीजन देने पर मजबूर कर देंगे की याद दिलाते हुये स्वयं के बनाये गमले प्रस्तुत किये एवं उपस्थित लोगों को वेस्ट मटेरियल से गमले बनाने का प्रशिक्षण दिया। अर्पणा पीटर ने घर में आये व्यक्तियों को खाली गिलास एवं जग में पानी देने का आव्हान किया, उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद से ही सागर बनता है, अतः हर बूंद कीमती है इसे बचाना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में नरेन्द्र शर्मा ने आभार प्रकट करते हुये स्वयं से शुरूआत का आव्हान किया। इस अवसर पर सपना पटैल, विरेन्द्र लोधी, संजय गुहा, श्रीराम ठाकुर, जयंत चौरसिया, अरविंद असाटी, बंटू लोधी, मुकेश गुप्ता, जया पटैल आदि उपस्थित थे।

# गौर यूथ फोरम की मांग, दीक्षांत समारोह के दौरान की परीक्षायें आगे बढ़ाई जायें

## विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र सौंपकर छात्रों ने की मांग

**सागर, देशबन्धु।** गौर यूथ फोरम की विश्वविद्यालय इकाई ने आगामी 12 जून को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को ध्यान में रखते हुये महत्वपूर्ण मांग उठाई है। फोरम का कहना है कि वर्तमान में विवि में एंड सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं, जो दीक्षांत समारोह की तिथियों के साथ टकरा रही हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने निर्धारित शुल्क जमा कर उपाधि प्राप्त करने हेतु पंजीयन कराया है, वे दीक्षांत समारोह में भाग नहीं ले पायेंगे। इस मुद्दे को लेकर फोरम के प्रतिनिधियों ने बताया कि विवि प्रशासन को औपचारिक पत्र सौंपकर अनुरोध करेंगे कि 10, 11 और 12 जून को प्रस्तावित परीक्षाओं को स्थगित कर नई तिथि घोषित की जाये, ताकि छात्र-छात्रायें भी इस महत्वपूर्ण समारोह में सम्मिलित हो सकें। गौर यूथ फोरम की ओर से विश्वजीत सिंह, हिमांशु तिवारी, मोहित सैनी, शिवांश अग्निहोत्री, अनुराग वर्मा, अंशुल यादव, कृतार्थ जैन, नवीन चौरसिया, अमन जैन आदि ने संयुक्त रूप से यह मांग उठाई है। फोरम ने कहा कि दीक्षांत समारोह हर छात्र के जीवन का गौरवपूर्ण अवसर होता है और परीक्षाओं के कारण यदि विद्यार्थी इसमें सम्मिलित नहीं हो पाते, तो यह उनके लिये मानसिक क्षति होगी। ऐसे में प्रशासन को इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिये।

## सुरेन्द्र चौधरी बने छिंदवाड़ा के पर्यवेक्षक, कांग्रेसजनों ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी को छिंदवाड़ा जिले का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं पूर्व मंत्री चौधरी ने कांग्रेसजनों के साथ भगवानगंज स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात स्थानीय कांग्रेसजनों ने पूर्व मंत्री का फूल मालाओं से स्वागत करते हुये पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश राय, विजय साहू, शरद राजा सेन, अशरफ खान, देवेन्द्र कुर्मी, अमर सिंह ठाकुर, हरगोविंद कुर्मी, रवि उमाहिया, पुरुषोत्तम शिल्पी, राजा बुन्देला आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I , BHUVAN SINGH IS FATHER OF ARMY NO - 15345923H RANK HAV NAME MANOJ KUMAR SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS GRAM - KASIWADWA TOLA , KATARIA , KATARIA, BHOJPUR , PIRO , BIHAR, 802202 HAVE CHANGED MY NAME FROM BHUVAN SINGH TO BHUWAN SINGH AND CHANGED MY DOB FROM 01/01/1958 TO 18/05/1967 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , POONAM DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 15345923H RANK HAV NAME MANOJ KUMAR SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS GRAM - KASIWADWA TOLA , KATARIA , KATARIA, BHOJPUR , PIRO , BIHAR, 802202 HAVE CHANGED MY NAME FROM POONAM DEVI TO PUNAM DEVI AND CHANGED MY DOB FROM 03/02/1960 TO 03/06/1967 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , GANDA BAI IS MOTHER OF ARMY NO - 4583218K RANK HAV NAME SHANKAR SINGARE SERVING IN COY CHQ MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - RAIKUNDA , POST - KHURDI , INDORE , STATE - MADHYA PRADESH, PIN 453661 HAVE CHANGED MY NAME FROM GANDA BAI TO GENDABAI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , CHINNAPAAIAN IS FATHER OF NO - 4589844K RANK SEP NAME SAWURI C PRESENTLY RESIDING AT VILL - PATTANUR , PO. - BALEGULI , TEH - KRISHNAGIRI, DIST - KRISHNAGIRI, STATE - TAMIL NADU, PIN - 635204 HAVE CHANGED MY NAME FROM CHINNAPAAIAN (OLD NAME) TO CHINNAPAIYAN (NEW NAME) . VIDE AFFIDAVIT DATED 05/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना**
**सागर संभाग सागर**

निविदा क्रमांक/ 04/2025-26/793 03.06.2025

**शुद्धिपत्र ( CORRIGENDUM-I )**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना सागर संभाग सागर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र सागर हेतु निविदा संख्या क्रमांक 04 अंतर्गत हाउसकीपिंग एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु वर्ष 2025-2026 में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में वर्णित निविदा जमा करने अन्तिम तिथी दिनांक 04.06.2025 को बढ़ाकर दिनांक **12.06.2025** को सायं: 05.00 बजे तक कर दिया गया है तथा निविदा खोलने की तिथी दिनांक 05.06.2025 से बढ़ाकर दिनांक **13.06.2025** की जाती है।

कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण संबंधित निविदा प्रपत्र संशोधित तिथी तक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।

**कार्यपालन यंत्री**
**बीहड कृष्यकरण योजना**
**सागर संभाग सागर**

**जी-13897/25**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना**
**सागर संभाग सागर**

निविदा क्रमांक / 06/2025-26/792 03.06.2025

**शुद्धिपत्र ( CORRIGENDUM-I )**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना सागर संभाग सागर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र सागर हेतु निविदा संख्या क्रमांक 06 अंतर्गत मेस कार्य हेतु वर्ष 2025-2026 में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में वर्णित निविदा जमा करने अन्तिम तिथी दिनांक 05.06.2025 को बढ़ाकर दिनांक **12.06.2025** को सायं: 05.00 बजे तक कर दिया गया है तथा निविदा खोलने की तिथी दिनांक 06.06.2025 से बढ़ाकर दिनांक **13.06.2025** की जाती है।

कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण संबंधित निविदा प्रपत्र संशोधित तिथी तक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**कार्यपालन यंत्री**
**बीहड कृष्यकरण योजना**
**सागर संभाग सागर**

**जी-13896/25**

**नाम सुधार सूचना**

मैं भारती बाई उम्र 46 वर्ष पति भगवान सिंह लोधी निवासी ग्राम बिलहरी, तह. केसली, जिला सागर म.प्र.। मैं उपरोक्त वर्णित स्थान की स्थायी निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 8499-7000-4276 में मेरा नाम **रेखारानी लोधी** दर्ज हैं। मेरे बच्चो के शैक्षणिक दस्तावेजों मेरा नाम **भारती बाई दर्ज हैं।** मेरे आधार कार्ड मेरा नाम सुधार कर **रेखारानी लोधी** के स्थान पर **भारती बाई** दर्ज किया जाए।

**शपथकर्ता**
**भारती बाई पति भगवान सिंह लोधी**
**निवासी-ग्राम बिलहरी, तह. केसली, सागर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री मिहीलाल राय तनय श्री हरी सिंह राय निवासी ग्राम रिछोड तहसील व जिला सागर म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट स्थित ग्राम भैंसा प.ह.न. 45, रा.नि.म. सागर 01, तहसील व जिला सागर म.प्र. के खसरा नं. 27/4 नया खसरा नंबर 27/4/1/1/1, क्षेत्रफल 750 वर्गफुट प्लाट पर मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड सागर द्वारा गृह ऋण दिया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त प्लाट से संबंधित लिंक विक्रय पत्र दिनांक 21.01.2002 जो पुस्तक क्रमांक अ1, ग्रंथ क्रमांक 5279 तथा दस्तावेज क्रमांक 2725 पर श्री गोपाल तनय श्री हल्कू प्रसाद रैकवार निवासी गल्लामंडी तिलकगंज सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. के नाम से उपं. पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध हैं गुम हो गया हैं जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाना में दी गई है।

अतः यदि किसी व्यक्ति या किसी संस्था, बैंक, सरकारी या अर्ध सरकारी बैंक आदि को उक्त विक्रय पत्र दिनांक 21.01.2002 दस्तावेज क्रमांक 2725 से संबंधित कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस जाहिर सूचना के 07 दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरन किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। ताकीद जानिये।

सागर
दिनांक
28.05.2025

**हेमन्त कुमार नामदेव**
**एडवोकेट सिविल कोर्ट**
**सागर**
**कार्यालय-एच.आई.जी. 02,**
**इन्द्रप्रस्थ कोलोनी**
**तिली रोड़ सागर म.प्र.**
**मो.. 9993421637**


# भूगोल समिति के लिये विषय वस्तु और बुन्देलखण्ड सीमा का निर्धारण आवश्यकः कमल शर्मा



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भूगोल विशेषज्ञ डॉ. कमल शर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल डॉ. हरीसिंह गौर विवि की अध्यक्षता में बुंदेलखंड विश्वकोश भूगोल समिति द्वारा परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. शर्मा ने कहा कि पहले भूगोल समिति के लिये विषय वस्तु और बुन्देलखण्ड सीमा का निर्धारण आवश्यक है फिर विषय के अनुसार लेखन कार्य किया जाये। मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना भार्गव पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल, शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने बुंदेलखंड विश्वकोश के लिये भौगोलिक दृष्टि से तथ्यात्मक एवं सारगर्भित जानकारी को एकत्रित करने की बात कही। डॉ. आरबी अनुरागी सहायक प्राध्यापक भूगोल डॉ. हरीसिंह गौर विवि ने कहा कि भूगोल समिति के माध्यम से बुंदेलखंड की जलवायु, नदी, पर्वत, वन, पर्यावरण, पर्यटन, जनसंख्या, परिवहन, उद्योग, व्यवसाय, कृषि, खनिजों का वितरण आदि विविध पक्षों के अध्ययन पर प्रकाश डाला। डॉ. सुनील बाबू विश्वकर्मा प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस ने भूगोल समिति की उप समितियों भौतिक स्वरूप, भूवैज्ञानिक संरचना, सामग्री संग्रह समिति, जलसंसाधन एवं अपवाह प्रणाली सामग्री संग्रह समिति, जलवायु समिति, मिट्टियों के ऑकड़े संग्रह समिति, वन एवं वनस्पति समिति, खनिज संसाधनों के ऑकड़े संग्रह समिति, कृषि संबंधी समितियां बनाकर कार्य को सुचारू रुप से विधिवत करने की बात कही। शंकर लाल पटेल सहायक प्राध्यापक भूगोल शासकीय महाविद्यालय नरयावली ने बुंदेलखंड के पठार व अन्य भौगोलिक तथ्यों पर चर्चा की। बुंदेलखंड विश्वकोश के संरक्षक डॉ. राजेश शुक्ला ने दिसम्बर 2025 तक भूगोल समिति की सामग्री के लेखन एवं वेबसाइट पर अपलोड करने आगे की रूपरेखा पर सहमति और शीघ्र ही कार्य को गति प्रदान करने संबंधी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. अरविन्द दीक्षित, डॉ. सावित्री मौर्य, जागेन्द्र कुशवाहा आदि विद्वानों ने अपने अपने विचार रखे। डॉ. सुनील विश्वकर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I , LACHAMMA IS MOTHER OF NO - 4581839K RANK NK/HK NAME GOLE KAMALAKAR PRESENTLY RESIDING AT H.NO - 5-50, GUNDI VILLAGE , RAMADUGU MANDAL OF KARIMNAGAR DIST , TELANGANA, HAVE CHANGED MY NAME FROM LACHAMMA (OLD NAME) TO GOLLE LACHAVVA (NEW NAME) AND CHANGED MY DOB FROM 04/06/1961 (OLD DOB) TO 01/01/1966 ( NEW DOB). VIDE AFFIDAVIT DATED 03/05/2025 EXECUTE BEFORE DISTRICT COURT KARIMNAGAR TELANGANA.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, अमित कुमार जैन पिता रंजीत जैन उम्र 46 बर्ष निवासी स्वामी विवेकानन्द वार्ड नं 07 शाहगढ़ जिला सागर मप्र इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि मेरे द्वारा अपनी बेटी पीहु जैन के दर्ज नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी नं. 356448394 बर्ष 2013 में बीमा पॉलिसी जारी कराई गई थी, जबकि वर्तमान में आधार कार्ड अंकसूची सहित अन्य सभी दस्तावेजों में 16 वर्षीय हमारी बेटी का नाम अवधि जैन दर्ज है, अंत आधार कार्ड अंकसूची में दर्ज नाम अवधि जैन ( AVADHI JAIN ) बीमा पॉलिसी में भी दर्ज कराया जाना उचित है ।

यदि इस नाम परिवर्तन के बारे में किसी भी व्यक्ति के पास कोई आपत्ति है, तो वह (9893401285) पर मुझसे अथवा भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय सागर में संपर्क कर सकता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, अमित कुमार जैन पिता रंजीत जैन उम्र 46 बर्ष निवासी स्वामी विवेकानन्द वार्ड नं 07 शाहगढ़ जिला सागर मप्र इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि मेरे द्वारा अपनी बेटी कुहु जैन के दर्ज नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी नं. 357764676 बर्ष 2012 में बीमा पॉलिसी जारी कराई गई थी, जबकि वर्तमान में आधार कार्ड अंकसूची सहित अन्य सभी दस्तावेजों में 16 वर्षीय हमारी बेटी का नाम अवनी जैन (AVANI JAIN ) दर्ज है, अंत आधार कार्ड अंकसूची में दर्ज नाम अवनी जैन बीमा पॉलिसी में भी दर्ज कराया जाना उचित है ।

यदि इस नाम परिवर्तन के बारे में किसी भी व्यक्ति के पास कोई आपत्ति है, तो वह (9893401285) पर मुझसे अथवा भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय सागर में संपर्क कर सकता है।

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Chhatarpur
Presiding Officer: भुपेन्द्र गोयल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया सहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS-A/0000016/2023)

दिलदार ..............................................................वादी
Vs
मो गुलजार.............................................................. प्रतिवादी

Process Id-1772/2025
पेशी दिनांक : 27.06.2025

प्रेषिती-
(1) कमरून पत्नी नफीस सौदागर पता निवासी जनरल स्टोर मैन मार्केट महोबा जिला महोबा उ.प्र. (2) तस्लीक पत्नी इदरीश सौदागर पता- निवासी थाने के पास मुसकरा तहसील मुसकरा जिला हमीरपुर उ.प्र. (3) चांद सौदागर पिता मकसूद सौदागर पता- निवासी मैडिकल स्टोर बडा बाजार, मऊरानीपुर जिला झाँसी उ.प्र. (4) नजरुन पुत्री गुलसन पत्नी इस्त्याक अहमद ताजिर पत्ता- निवासी रिटायर इंजीनियर भोपाल जिला भोपाल म. प्र. (5) रिहाना पत्नी चांद सौदागर पता- निवासी मैडिकल स्टोर बडा बाजार मऊरानीपुर जिला झाँसी उ.प्र. (6) सम्मों सौदागर पत्नी सगीर सौदागर पता निवासी गुलगंज थाना गलगंज तहसील बिजावर जिला छतरपुर म. प्र. (7) सहीन पत्नी सहवान सौदारगर पता निवासी जे. पी. पैलिस ताजगंज अगरा जिला अगरा उ.प्र. (8) रहीस अहमद सौदागर पिता कल्लू सौदागर पता- निवासी हैदरगंज पोस्ट मौदाहा जिला हमीरपुर उ.प्र. (9) मोहम्मद रफीक पिता कल्लू सौदागर पता- निवासी हैदरगंज पोस्ट मौदाहा जिला हमीरपुर उ.प्र.

यह कि प्रार्थी दिलदार ने आपके विरूद्ध सिविल दावा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 29 May 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील

**भुपेन्द्र गोयल**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**बिजावर जिला छतरपुर म.प्र.**

कृपया ध्यान दें: 1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## सार समाचार

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण एवं संरक्षण जरुरी : पवन



**पलेरा, देशबन्धु ।** विश्व पर्यावरण दिवस गुरुवार को पौधरोपण और पेड़-पौधों के संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। नगर में विश्रामगृह पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा एवं अन्य भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि कहा कि पर्यावरण का संतुलन ही जीवन चक्र को नियंत्रित करता है, इसमें अवरोध आते ही जीवन संकट में पड़ जाता है । प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में लोगों को ऑक्सीजन की बहुत आवश्यकता रही। इसी क्षण से हमें वृक्षों की उपयोगिता को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष शुद्ध हवा और जल के प्रमुख स्रोत हैं। वृक्ष पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्पना राजपूत, अशर्फी खान, तेज खान, लखन खटीक, सरपंच प्रतिनिधिअंकित गुप्ता, सत्येंद्र यादव उपस्थित रहे।

---

मुसाफिरों और रहवासियों को हो रही परेशानियां

# शराब दुकान के बाहर सड़कों पर छलक रहे जाम

**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के थाना तिहारे के नजदीक नौगांव जतारा मैन डिवाइडर रोड पर खुलेआम देशी और विदेशी कंपोजिट शराब शाप पर अहाता बेखौफ एवं निर्बाध रूप से चल रहा है। जबकि यह क्षेत्र थाने से करीब 300 से 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। लेकिन शराब की दुकान पर खुलेआम बाहर बैठकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

सरकार ने शराब दुकानों के अहाते बंद किए तो नशेड़ियों ने सड़कों और खाली मैदानों पर कब्जा जमा लिया है। यहां शराब दुकान के बाहर ही सुबह से देर रात तक इनका जमघट रहता है और खुलेआम शराब पी जा रही है। आबकारी अमला सिर्फ शराब दुकान पर कार्रवाई कर सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्ती का जिम्मा पुलिस का है। लेकिन पलेरा नगर में



शराब दुकान से पुलिस थाना पास होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। नौगांव जतारा मैन डिवाइडर सड़क पर इस अव्यवस्था से आमजन परेशान हैं।

जिसमें सबसे ज्यादा सड़क पर निकलने वाली महिलाओं को खासी दिक्कत हो रही है। जबकि यहां शराब दुकान से ठीक पीछे नगर का कल्पना हाई सेकंडरी विद्यालय संचालित है। इसके अलावा नगर के सैकड़ो श्रद्धालु एवं महिलाएं प्रसिद्ध तीर्थ हरितला मंदिर जाने के लिए यहां से होकर गुजरती हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि शराब दुकान मुख्य मार्ग पर ही स्थित है। जहां ऐसे शराबियों का जमावड़ा लग रहा है उस सड़क से दिनभर में लगभग सभी अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी निकल रहे हैं। इनमें से किसी को भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने या उन पर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को बोलने तक की फुर्सत नहीं है। इसके अलावा शराब दुकानदारों की जवाबदारी है कि वे अपनी दुकान के आसपास ऐसे लोगों को खुले में शराब पीने से रोके लेकिन दुकानदार अपनी ग्राहकी के चक्कर में इन्हें न तो रोकते हैं और न ही इन्हें किसी सुरक्षित जगह जाने को कहने को तैयार है। ऐसे में शराब दुकानों के बाहर खुले में शराब पीने वालों के मजे हो गए हैं। खुलेआम दुकानों के बाहर दिनदहाड़े शराबियों का जमावड़ा लग रहा है और जाम छलक रहे हैं। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है।

**पांच-दस लीटर शराब पकड़कर लूट रहे वाहवाही –**

– पलेरा नगर एवं क्षेत्र में आबकारी अमला खासतौर से अवैध शराब की बिक्री को लेकर कुंभकरणी नींद में सो रहा है। जब कभी ग्रामीण क्षेत्र से कोई विवाद या ज्ञापन सौंप जाते हैं तब आबकारी अमला ग्रामीण क्षेत्र में पांच-दस देशी शराब के पव्वे पकड़कर वाहवाही लूटने में लग जाता है। जबकि स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे यह सब हो रहा है। वे भी यहां से गुजर रहे उन्हें यह दिखाई तक नहीं दे रहा है।

लंबे समय से पलेरा नगर समेत ग्रामीण इलाकों में आबकारी अमले की कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है। जबकि अवैध शराब का कारोबार नगर एवं ग्रामीण इलाकों में दिनदूनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। ऐसे में नशे की लत से जहां सैकड़ों घर बर्बाद हो रहे हैं, वहीं अवैध शराब विक्रेताओं की चांदी कट रही है।

---

लापरवाह ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं

# विकास कार्यों में नगर परिषद की रुचि नहीं, टेंडर के बाद भी करोड़ों के निर्माण अटके

**पलेरा, देशबन्धु ।** टेंडर होने के बाद भी नगर की विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपए की लागत से स्वीकृत विकास कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। राजनीतिक रसूख के चलते टेंडर लेने के बाद ठेकेदारों ने काम अटका रखे हैं। इसके बाद भी नगर पालिका अधिकारी ठेकेदारों पर कार्रवाई न करते हुए लापरवाह ठेकेदारों पर मेहरबानी दिखा रहे हैं। शिकायतें सामने आने पर कार्रवाई के नाम पर ठेकेदारों को महज नोटिस ही दिए हैं। जबकि कुछ समय पहले अधिकारियों ने काम न करने वाले ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड करने की बात कही थी। दरअसल नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की गलियों और मुख्य मार्गों पर सड़क, और नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए नगर पालिका द्वारा टेंडर जारी किए गए।

लेकिन ठेकेदारों ने टेंडर लेने के बाद वर्षों बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं किया है। जिसके चलते नपा में वर्ष 2024 में स्वीकृत कामों से लेकर इस वर्ष तक टेंडर प्रक्रिया हो जाने वाले काम शुरू नहीं हो सके हैं। इसका खामियाजा नगर की जनता भुगत रही है। नागरिकों का कहना है कि टेंडर लेने के बाद तीन माह के अंतराल में काम शुरू न करने पर टेंडर प्रक्रिया को



निरस्त कर दोबारा टेंडर प्रक्रिया करनी चाहिए। लेकिन नपा अधिकारी न तो काम शुरू करा पा रहे हैं और न ही टेंडर निरस्त कर लापरवाह ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई कर रहे हैं।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू ने बताया कि नगर परिषद की बैठक में लगातार नेता प्रतिपक्ष होने के नाते तमाम मुद्दों को उठाया जाता है। लेकिन तमाम चर्चाओं के बावजूद भी अध्यक्ष एवं उनके सहयोगियों के मनमर्जी फरमानो को लेकर विकास की उम्मीद टूट चुकी है। नेता प्रतिपक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि नगर की प्रसिद्ध देवी मां शीतला माता मंदिर प्रांगण में बाउंड्रीवॉल को लेकर एक वर्ष बीतने के बाद भी ठेकेदार की लापरवाही के चलते निकाय निधि द्वारा 50 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

इसी प्रकार धार्मिक स्थल नगर के बाबा की कुटी के पास मंदिर परिसर की बाउंड्रीवॉल का ठेका एक वर्ष पूर्व से अधिक होने के बाद भी ठेकेदार के द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। छोटा बस स्टैंड निर्माण का काम ठेकेदार की लापरवाही से लंबे समय से अटका हुआ है।कंचनपुरा रोड का निर्माण प्रारंभ न हो पाना नगर परिषद द्वारा बरती जा रही लापरवाही को दर्शाता है। उपाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 4 में स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों के टेंडर होने के बावजूद सामुदायिक भवन जैसे उपयोगी निर्माण कार्यों को नगर परिषद अब तक प्रारंभ नहीं करा सकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद में बैठे अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि नगर के विकास के लिए गंभीर नहीं है।ठेकेदारों द्वारा लगातार की जा रही लापरवाही पर कार्यवाही करने की जगह मेहरबानी की जा रही है।

जिसके चलते ठेकेदारों के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ करने के बाद उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि डिवाइडर में मिट्टी पौधे एवं रेलिंग कार्य, हरितला सरकार मंदिर मार्ग डामरीकरण, खुले पड़े हुए जल स्त्रोतों पर जाल समेत विभिन्न स्थानों पर कई अन्य कार्यों पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।नेता प्रतिपक्ष एवं उपाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि आगामी 10 तारीख को नगर परिषद की बैठक में इन तमाम मुद्दों को उठाया जाएगा।

---

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ने आईपीएल सट्टेबाजों से मांगी थी 3 लाख की रिश्वत

# लोकायुक्त टीम ने थाना प्रभारी के खिलाफ किया मामला दर्ज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज शर्मा पर लोकायुक्त पुलिस सागर ने गुरुवार को भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। निरीक्षक पर आईपीएल सट्टा मामले के आरोपी से 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

प्रेसनोट जारी करते हुए लोकायुक्त के सागर पुलिस अधीक्षक विश्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पीड़ित पुनीत उर्फ़ पुनीत राज इटोरिया उर्फ गोरु अपने मित्र रुद्र प्रताप सिंह तोमर शिक्षक के पारिवारिक मकान में स्थित राधे रेस्टोरेंट को किराए से चलाने का कार्य करता है। पीड़ित एवं आनंद शर्मा के विरुद्ध कोतवाली में आईपीएल का सट्टा खेलने खिलवाने का प्रकरण 8 अप्रैल को दर्ज किया गया है।

प्रकरण में आनंद शर्मा की गिरफ्तारी हो चुकी है एवं पुनीत उर्फ गोरु की गिरफ्तारी शेष है। पीड़ित पुनीत उर्फ गोरु की लिखापढ़ी जमानत आदि कार्रवाई के लिए अनावेदक पंकज शर्मा निरीक्षक थाना कोतवाली जिला टीकमगढ़ द्वारा 03 लाख रुपए की मांग की गई। पुनीत उर्फ गोरु के मित्र रूद्र प्रताप सिंह तोमर एवं उसके भाई मयंक तोमर को इस केस में फ़ साने की धमकी देकर अपने दलाल शिवम रिछारिया के माध्यम से उनसे भी 2 से 3 लाख की मांग की गई। इसके बाद आवेदक पुनीत उर्फ गोरु एवं रुद्र प्रताप सिंह तोमर अनावेदक थाना प्रभारी पंकज शर्मा के भय से उससे मिलने नहीं गए एवं उनके मित्र ऋ षभ जैन उर्फ रुपेश जैन पत्रकार को निरीक्षक से चर्चा करने के लिए भेजा। बातचीत में निरीक्षक ने रुपेश जैन से बिना पैसे लिए लिखापढ़ी करने से इंकार कर दिया। थाना प्रभारी पंकज शर्मा द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर पीड़ित और पत्रकार रूपेश जैन ने लोकायुक्त पुलिस सागर में टीआई के खिलाफ आवेदन दिया। शिकायत के सत्यापनक के लिए उप पुलिस अधीक्षक संजय जैन को अधिकृत किया।

सत्यापन कराने पर शिकायत सही पाई गई। 27 मई को टीआई को ट्रैप करने कार्रवाई के लिए फोन लगाया, लेकिन टीआई को भनक लग गई और फोन नहीं उठाया। लोकायुक्त ने थाना प्रभारी पंकज शर्मा और शिवम रिछारिया के खिलाफ धारा 7,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988य संशोधित 2018 के के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# आमजन परेशान : 6 महीने में पूरी नहीं हो पाई सड़क





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के क्रमांक 25 में पांच करोड़ की लागत से झिरकी बगिया से बैकुंठी तक डिवाइडर युक्त सड़क का निर्माण दिसंबर 2024 के पहले शुरू हो गया था। लेकिन फरवरी से डुमरऊ तिराहा से झिरकी बगिया द्वार तक निर्माण कार्य बंद पड़ा है। जबकि वृंदावन तालाब बंधान की सड़क कई स्थानों से टूट गई है। जहां से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर की एक सड़क से दूसरी सड़क को जोड़ने का कार्य रफ्तार से चल रहा था, लेकिन अब फिर से निर्माण की रफ्तार धीमी हो गई है। पांच करोड की लागत से निर्माण की जाने वाली झिरकी बगिया से बैकुंठी तक सड़क का निर्माण कार्य रूक गया है, यहां पर अभी डिवाइडर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क सहित डिवाइडर निर्माण किया जा रहा है। शहर की ओर जाने वाले भारी वाहन और यात्री बसों का आवागमन कम हो जाएगा। जहां लोगों को जाम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**वृन्दावन तालाब पर शुरू नहीं हुआ कार्य**

झिरकी बगिया से डुमरऊ तिराहा तक सड़क किनारे पटरी बनाने के लिए ठेकेदार ने गिट्टी और मुरम को बिछाया है। इससे आसपास के घरों में धूल जा रही है। वहीं रहवासियों को यहां से निकलने में परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि वार्ड पार्षद ने कलेक्टर और सीएमओ को पत्र भी दिया है।

## इनका कहना है,

निर्माण कार्य के लिए डामर का ऑडर ठेकेदार द्वारा किया गया है। साथ ही भुगतान में देरी हो रही है, इस कारण से कार्य रूका हुआ है, जल्द ही झिरकी बगिया तक सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

**दीपक विश्वकर्मा, इंजीनियर, नगरपालिका टीकमगढ़।**

---

कलेक्टर के निर्देश पर हुई समीक्षा बैठक

# लापरवाही पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध की जाएगी कार्रवाई



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर द्वारा परियोजना बल्देवगढ़ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विभागीय योजनाओं के संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बल्देवगढ़ शहरी, बल्देवगढ़ ग्रामीण, देरी एवं सुजानपुरा की आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सीएम डेसवोर्ड, बजन, टीएचआर, खाना नाश्ता के वारे मे विस्तार से समझाते हुए महिला एवं वाल विकास विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

इसके साथ ही फूड सिक्योरिटी अधिनियम अंतर्गत एक वर्ष में 300 दिवस पूरक पोषण आहार वितरण करने, घरेलू हिंसा अधिनियम अंतर्गत पीडित महिलाओं की सहायता करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत पोषण भी पढाई भी, किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत अनाथ बच्चों का पंजीयन करने आदि अधिनियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन केन्द्र खोलने एवं ग्रीष्म कालीन अवकाश अवधि मे रेडी टू ईट फूड का नियमित वितरण करने के निर्देश दिये गये एवं लापरवाही वरतने वाली आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात कही। एवं अच्छा कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षक की सराहना की गई।

इसी तारतम्य में जिला विधिक अधिकारी न्यायालय टीकमगढ से न्यायधीश श्रीमति सुनीता गोयल के द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को विधिक सहायता के वारे मे बताते हुए कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अनाथ वच्चों का चिन्हाकन कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, आधार बनवाने एवं अनुसूचित जनजातीय वाहुल्य इलाकों मे योजनाओं से बंचित बच्चों एवं महिलाओं को लाभ दिलाये जाने पर खास जोर दिया गया एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की सफलता पर महिला एवं वाल विकास विभाग का आभार व्यक्त किया गया। परियोजना अधिकारी महेश दोहरे द्वारा अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराने एवं लापरवाही वरतने वाली कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के की वात कही गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक अनुरंजना वर्मा एवं प्रतिभा कुशवाहा मौजूद रहीं।

---

# वन विभाग ने पकड़ा लकड़ियों से भरा ट्रक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुधवार की रात वन विभाग और कनेरा पुलिस ने लकडि़यों से भरा ट्रक मऊरानीपुर के खदिनयन के पास से पकड़ लिया है। वन विभाग ने लकडि़यों से भरा ट्रक को जब्त करके वन विभाग अधिनियम के तहत कार्रवार्र कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात में कनेरा गांव के पास खड़ा था। ट्रक चालक को पुलिस और वन विभाग की टीम की जानकारी मिली थी मौका पाकर जिला झांसी मऊरानीपुर की ओर भाग गया। कनेरा पुलिस और वन विभाग की टीम ने पीछा किया और खदिनयन के पास पकड़ लिया। जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया जाने लगा। पुलिस और वन विभाग की टीम ने लकडि़यों से भरे ट्रक को जब्त किया।

---

प्लास्टिक हटाओ...पर्यावरण बचाओ

# मिथलाखेरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ जागरुकता अभियान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बड़ागांव धसान पृथ्वी पर पर्यावरण बदलता जा रहा है जिसका मुख्य कारण पर्यावरण में मानवीय हस्तक्षेप है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है ।पर्यावरण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है ।

बड़ागांव धसान के मिथलाखेरा में ग्वाल बाबा के पास नीम के पेड़ के नीचे पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षा नवाचार ग्रुप के तत्वाधान में शिक्षक संजय कुमार जैन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 ,,प्लास्टिक प्रदूषण को हटाना एवम् एक पेड़ मां के नाम,,विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें रैकवार बस्ती,यादव मोहल्ला,ककरवाहा रोड,शंकर जी मोहल्ला की महिलाओं एवम् पुरुषों,बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में नागरिकों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया एवं आने वाली बारिश के मौसम में नागरिकों ने पांच-पांच पौधे लगाने का निर्णय लिया। लोगों ने इस दौरान बच्चे एवम् बड़ों



ने उत्साहपूर्वक पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाकर जागरूकता उत्पन्न की।

**सांसे हो रही कम। आओ पेड़ लगाए हम।। आओ मिलकर वृक्ष लगाएं । धरती को खुशहाल बनाएं।।**

इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संजय जैन ने कहा कि प्लास्टिक का इस्तेमाल हमारे पर्यावरण,स्वाथ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है।पहले लोग अपने घरों एवम् आयोजनों में पीतल,कांसा आदि धातु के बर्तनों को उपयोग अपने दैनिक जीवन में करते थे जो कि लाभदायक थे,लेकिन आज प्लास्टिक के बर्तनों का उपयोग करने लगे है जो की हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है,,यह बहुत से गंभीर रोगों को उत्पन्न कर रहा है।

आज प्लास्टिक धरती को बंजर बना रहा है,बाजार से क्रय सामग्री के लिए पॉलिथीन का उपयोग ना करे बल्कि जूट,कागज या कपड़े के थैले का उपयोग करे । सिंगल यूज प्लास्टिक तो बहुत ही नुकसानदायक है अत: इसके उपयोग को कम से कम अथवा पूर्णता बंद करना होगा।पेड़ों की कटाई,ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है।

पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमें जल, वायु, ध्वनि को प्रदूषित होने से बचाना होगा एवं पेड़ों की अत्यधिक कटाई को रोकना होगा, प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करना होगा,जल का संरक्षण करना होगा, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे नहीं तो आगे चलकर इसके घातक परिणाम देखने को मिलेंगे।

वर्तमान समय में तापमान में हर साल वृद्धि होती जा रही है, जंगल धीरे धीरे समाप्त होते जा रहे है अत: इसकी चिंता करना आवश्यक है । वृक्षों का मानव जीवन पर बहुत ही उपकार है वृक्ष हमे ऑक्सीजन देते हैं। वृक्ष लगाकर ही हम अपनी धरा को सहेज सकते हैं वृक्ष हमारे धरती का श्रंगार एवम् गहने है ।

अत: एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी धरती का श्रंगार जरूर करें ।तभी हमारी प्रकृति का संतुलन बना रह सकता है।

शिक्षक महेश पांडे ने कहा कि हम सब प्रकृति का संरक्षण करके ही धरती पर हरियाली फैला सकते है, हमे जल जंगल,जमीन की सुरक्षा करना होगी इनके बिना प्रकृति अधूरी है । वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधन तेजी से घट रहे हैं पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान करना चाहिए ।

लक्ष्मी रैकवार ने कहा कि बरसात का जल संचय कर भूमि के जल स्तर में सुधार हेतु कार्य करना आवश्यक है । सभी से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं प्राकृतिक संसाधनों को दूषित होने से बचाएं।

काशीबाई कुशवाहा ने कहा कि पॉलिथीन से सिर्फ नुकसान ही नुकसान है ।बरसात में नाली नाले चोक होने से जल भराव होता है,इसके लिए भी पॉलिथीन जिम्मेदार है पॉलिथीन भविष्य के लिए एक बड़े संकट का इशारा कर रही है।इसलिए इसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा कि हम सबको स्कूलों,गांवों,सामाजिक जगहों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बहुत ही आवश्यकता है जिससे अपना पर्यावरण बचा सकें।

इस अवसर पर चंद्रशेखर श्रीवास्तव चंदा गुरुजी, लखन विश्वकर्मा, महेश पांडे, कैलाश नामदेव, संजय जैन, महेश नायक, ब्रजभान यादव, लक्ष्मी रैकवार, काशीबाई कुशवाहा, आरती विश्वकर्मा, वंदना लोधी आदि उपस्थित रहे।

---

महेन्द्र सागर तालाब पर बनेगा फ्लावर

# वन की 8.5 एकड़ जमीन पर विकसित होगा ग्रीन जोन



**जनसहयोग से किया जाएगा पौधरोपण**

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** महेन्द्र सागर तालाब की जमीन में किसानों ने अतिक्रमण कर लिया था। नगर प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया था। उस 8.5 एकड जमीन पर ग्रीन जोन और सिटी फ रॅस्ट का विकास किया जाएगा।

नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने गुरुवार को अपनी टीम के साथ निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह पार्क अमृत योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए फ्लावर फ रॅस्ट की योजना बनाई गई है। इसमें विभिन्न प्रकार के रंग.बिरंगे फू लों के पौधे लगाए जाएंगे।

इंजीनियर दीपक विश्वकर्मा और ठेकेदारों की टीम के साथ फ्लावर फ रॅस्ट की योजना तैयार की। मानसून की शुरुआत के साथ ही पौधरोपण का कार्य आरंभ किया जाएगा। इस कार्य में सरकारी कर्मचारियों के साथ साथ जन सहयोग भी लिया जाएगा।

## सार समाचार

### शांति कमेटी की बैठक आयोजित



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** आने वाली 7 जून को बकरीद का त्यौहार है जिसे शांति पूर्ण माहौल में मनाने के लिए सभी का सहयोग का आश्वाशन प्रशासन द्वारा दिया साथ साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पूर्णरूप से किए जाने की मांग पर एसडीएम तेंदूखेड़ा द्वारा समस्त व्यवस्था सुचारू रूप से देने की बात की। इस अवसर पर एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर ने कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग देने को कहा तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास ने सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी नीतेश जैन, एस.आई.महेश विश्वकर्मा, रमेश तिवारी, हाजी अज़ीज़ खान, हाजी भूरा खान, नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, गोविंद यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष चेतन जैन, पत्रकार सोनू यादव, राजेश राज विशेष रूप से मौजूद रहे।

### कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**गुना, देशबन्धु।** पर्यावरण दिवस पर शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में इको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें जिला संघ द्वारा आयोजित मिनी मैराथन दौड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा भागीदारी की गई। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के द्वारा सभी छात्राओं एवं स्टाफ को पर्यावरण के संरक्षण की शपथ दिलाई गई तत्पश्चात प्राचार्य एवं स्टाफ ने छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में पीपल नीम एवं पपीता के फलदार एवं छायादार वृक्षों को लगवाए। प्राचार्य द्वारा पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इस वर्ष की थीम के अनुसार प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें, विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। उनके द्वारा छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि उन्हें न केवल महाविद्यालय बल्कि नगर को भी प्लास्टिक मुक्त करने का पूरा प्रयास करना है। इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर रूपाली रावत ने भी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए सुझाव दिए उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमें हमारे घर में भी वृक्षों को किसी न किसी रूप में लगाना चाहिए आज का युवा अगर पर्यावरण का बचाव करेगा तो वह पूरी सृष्टि को बहुत अच्छे से संरक्षित करेगा। कार्यक्रम में डॉ. पूनम पारीक, डॉ. दिवाकर तिवारी, डॉ. प्रीति यादव, सोनू सिसोदिया, कीर्ति सोनी, प्रशांत आर्य, जावेद अली मिथुन धाकड़ एवं छात्राएं मौजूद रही।

मनरेगा योजना में हो रही जमकर धांधली

# पशु अवरोधक दीवार के कार्य में लगे 10 मजदूर, हाजिरी लगाई जा रही 80 मजदूरों की

- 46 महिलाएं भी लगीं मनरेगा कार्य में, फोटो से गायब

**दमोह देशबन्धु।** जिले में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिले में सबसे ज्यादा धांधली जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां सचिव, रोजगार सहायक तो मानो अपनी मुरली अपना राग कहावत चरितार्थ करते नजर आ रहे हैं प्रतीत होता है कि यहां कोई जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं है जो ग्राम पंचायतों के निर्माणाधीन कार्यों की देखरेख करता हो। जनपद पंचायत सीईओ भी अपने ब्लॉक की ग्राम पंचायतों पर मेहरबान हैं लिहाजा ग्राम पंचायत के कर्मचारी मनमानी करने में लगे हैं।



ताजा मामला जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजोरा से सामने आया है जहां कई जगहों पर पशु अवरोधक दीवार का निर्माण किया जा रहा है जिसमें महज 10 मजदूर लगाकर 80 मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार कर रहे हैं यहां अलग अलग कार्यों में एक ही मजदूर काम कर रहे हैं पहला कार्य हेमराज अथ्या के खेत से बड़ी पुलिया की ओर तो वहीं दूसरा कार्य पुलिया से खर्राघट की ओर तीसरा रोहनी खर्रा घाट से बड़ी पुलिया की ओर पशु अर्वरोधक दीवार का कार्य चल रहा है। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत बिजोरा में पशु अवरोधक दीवार बनाने में 46 महिला मजदूर भी काम कर रही हैं परन्तु गुरुवार के दिन जो मजदूरों की फोटो एनएमएमएस साइट पर अपलोड की गई हैं उसमे एक भी महिला मजदूर नहीं दिखाई दे रही हैं। एक ही फोटो को 9 बार अलग अलग अपलोड किया गया है। यहां सचिव व रोजगार सहायक की मिलीभगत से मनरेगा योजना में धांधली कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

आपने अवगत कराया है तो मैं जनपद सीइओ जबेरा से चेक करवा कर प्रतिवेदन लेती हूं।

**अभिलाषा शुक्ला**
**परियोजना अधिकारी**
**मनरेगा दमोह।**

डाक घर में स्थित आधार सेंटर पर हुआ विवाद

## कर्मचारियों ने हटा थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर की कार्रवाई की मांग

**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर के डाक घर कार्यालय में बुधवार सुबह आधार कार्ड बनवाने व संसोधन कराने पहुंच रहे हैं। इस दौरान काफी भीड़ भी आधार केंद्रों पर लग रही है। अंदर काउंटर पर कर्मचारियों को भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान धक्का मुक्की और झगड़ा तक हो रहा है। ताजा मामला हटा के डाक घर से सामने आया है जहाँ हितग्राहियों और कर्मचारियों के बीच आधार अपडेट कराने को लेकर जमकर विवाद हो गया।

कर्मचारियों का आरोप है कि उपस्थित कुछ लोगों ने कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की तक कर दी इस बात से नाराज डाक घर के कर्मचारी पुलिस थाना हटा पँहुचे और एक आवेदन देकर नामजद लोगो पर कार्यवाही की मांग की।

हटा पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 04 जून को सर्वर में खराबी के कारण डाक घर में आधार अपग्रेडेशन कार्य चालू नही हो सका जिसके कारण कुछ लोगो द्वारा कर्मचारियों से अभद्रता कर झुमाझपटी कर जान से मारने की धमकी दी गई है।

डाक घर ऑफिस में पदस्थ कर्मचारी नाथूराम कोरी ने बताया कि आधार की साइड नहीं चलने से कुछ लोगो ने विवाद किया और उनके शासकीय कार्य मे व्यवधान उतपन्न किया जिसके सम्बंध में कार्यवाही की मांग करते हुए आवेदन दिया है। वही हटा पुलिस ने आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## कहने को मंत्री का क्षेत्र फिर भी आधे से ज्यादा विभाग प्रभारियों के भरोसे कार्यालय चल रहें

दमोह/पथरिया देशबन्धु। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलने के बाद लगा क्षेत्रीय विधायक मंत्री होने से शायद अब कार्यालयों में कुछ परिवर्तन होगा और अधिकारी की पदस्थापना हो जाएगी लेकिन करीब 17 महीने बीतने को है फिर भी अनुविभाग मुख्यालय अंतर्गत आने वाले विभागों में प्रभारी अधिकारी है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व पुलिस को छोड़कर वाकी तहसील कार्यालय में तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओं, एसडीओं, नगर परिषद सीएमओं, स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी सीबीएमओं, मंडी सचिव, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पथरिया को बटियागढ़ का अतिरिक्त प्रभार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय में प्रभारी कन्या उच्चतर माध्यमिक में वर्षो से प्राचार्य नहीं है कुल मिलाकर 80 प्रतिशत विभाग प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं शासन की तबादला नीति में सूची कितनी जारी हो पर पथरिया का नाम नही मिलता कारण जो भी हो पर जहां जो प्रभारी है उनकी कार्यकाल में ऐसा काम हों रहा कि जनप्रतिनिधियों की नजर में भी सब कुछ ठीक चल रहा है या फिर एडजस्ट करके चलना कहें कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलाव के बाद भी किसी विभाग में कोई बदलाव नही हुआ। सब कार्य चल रहें हैं अपने आप में एक चर्चा का विषय जरूर बना रहता है कि पहले जो अधिकारी रहें वही अब भी सत्ताधारी पार्टी के लिए अच्छा काम कर रहे होंगे हालांकि जितने भी प्रभारी अधिकारी हैं वह समय के हिसाब से अपना पाला बदल लेते हैं और अब वह नये जनप्रतिनिधि के कार्यालय में अपनी दस्तक दे रहे हैं कि जैसा भी हो पर बदलाव ना हो जाए पथरिया कि खासियत है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी यहां पदस्थ हो जाए तो वह जाने का नाम नहीं लेता बदलें में कुछ भी कर लेंगे तबादला की सुनते ही चक्कर लगाने लगेंगे कि जैसे भी रूक जाए इसलिए 17 महीने बीत जाने के बाद भी कोई बदलाव की चर्चा तक नही हो रही है। मतलब जैसे पहले चलता रहा वैसे अब भी चलता रहेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्मुक्त संस्था ने किया वृक्षारोपण



**दमोह देशबन्धु।** उन्मुक्त सर्व जन कल्याण समाज सेवी संस्था के द्वारा परशुराम टेकरी दमोह मे प्रातः 10 बजे वृक्षारोपण का कार्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सभी ने मिलकर पौधा रोपित किया, उसके बात संस्था के सचिव हेमंत पाठक ने बताया की 5 जून को 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी. यह घोषणा मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के उद्घाटन के दिन की गई थी. इसके अगले साल ही 1973 में पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था. इसके बाद से ही हर साल 5 जून के दिन को विश्व पर्यावरण के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर पर देवेंद्र चौबे, रंजीत चौरसिया, अभिषेक चौरसिया, बड़ू चौरसिया, सत्यम चौरसिया, लकी चौरसिया आदि की उपस्थिति रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया



दमोह देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन के मार्गदर्शन व दिशा-निर्देश तथा डॉ. मीरा माधुरी महंत (ईको क्लब), डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी (जिला संगठक, एनएसएस), डॉ. के. एस. बामनिया (एनसीसी अधिकारी) के नेतृत्व में संस्कृत परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. जितेन्द्र धाकड़, डॉ. सिकंदर दुलगज, प्रह्लाद सिंह ठाकुर, घसीटा रैकवार एवं सहित छात्र-छात्राओं में रुचि विश्वकर्मा, रोशनी अहिरवार, निकिता विश्वकर्मा, दीक्षा अहिरवार, प्रमोद रैकवार, निकेश सिंह चौहान, राजेंद्र कुर्मी, कविता अहिरवाल, राजेशं कोरी, सहित छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे।

## टीबी के मरीजों को सिविल अस्पताल में बाटी पौष्टिक किट



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नि-क्षय मित्र अभियान (टीवी मुक्त भारत) के तहत टीवी के मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए किट औषधि विक्रेता संघ के तत्वावधान सिविल अस्पताल हटा में असहाय निर्धन मरीजो को बाटी गई। जिसमें बी एम ओ डॉ उमाशंकर पटेल, डॉक्टर क्षितिज चौरसिया क्षय रोग प्रभारी हरिकृष्ण दहायत अस्पताल के स्टाफ और हटा मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति रही। नि-क्षय मित्र अभियान में चलाये जा रहे हर माह के लिए टीवी मरीजो का लखन मोदी, सुशील बजाज,मनीष सिंघई, श्याम नायक, रविकांत बिदोल्या, अज्जू हसन, योगेश अग्रवाल, दीपांशु सोनी, धर्मेंद्र साहू एवं सुधीर पाठक ने 10 टीवी मरीजो को पौष्टिक आहार एवं देख रेख की जिम्मेदारी ली।

एनसीसी कैडेट्स ने स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गुना में 2 सौ पौधों का किया रोपण



**गुना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद् गुना द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंगवासा तालाब और नगर पालिका गुना की कचरा प्रसंस्करण इकाई पर 200 पौधों का रोपण किया गया और श्रम दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी से गुना तक साइकिल चलाकर आए एनसीसी कैडेट्स ने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट वैभव का विशेष रूप से फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, जिन्होंने अपनी साइकिल यात्रा के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस गरिमामय कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य, गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, भाजपा वरिष्ठ नेता अरविन्द गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी सहित अनेक पार्षदगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी, मनोज भिरोरिया, एनसीसी कैडेट, समाज सेवी संस्था के सदस्य, स्वसहायता समूह की महिलाएँ और नगर पालिका परिषद् की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश को बढ़ावा देने में सफल रहा।

## असाटी महिला मंडल समिति द्वारा 4 दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति दमोह के द्वारा चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें रीता राम गोपाल असाटी, शैलजा प्रशून असाटी (प्रतीक इलेक्ट्रॉनिक), राधा पंकज असाटी, राखी तुलसीराम असाटी, गीता कन्हैया लाल असाटी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन किया गया एवं समर कैंप के आयोजन श्रृंखला में तीन प्रशिक्षण रखे गए जिसमें डांस प्रशिक्षण प्रीति संतोष असाटी के द्वारा समाज की बहनों एवं नवयुवतियो को दो डांस की कंप्लीट प्रिपरेशन के साथ-साथ एक आकर्षक पैरोडी डांस का भी प्रशिक्षण बहुत सुंदर तरीके से दिया गया।



समर कैंप की अंतिम श्रृंखला मेहंदी जो सभी बेटियों के लिए विशेष रूप से रखी गई थी मेहंदी प्रशिक्षण कुमारी काजल असाटी एवं कुमारी रिमझिम असाटी के द्वारा दिया गया सभी बेटियों ने बहुत आकर्षक मेहंदी डिजाइन सीखी कुमारी काजल एवं कुमारी रिमझिम के द्वारा सभी बेटियों को फिंगर मेहंदी एरोबिक मेहंदी इंडियन मेहंदी ब्राइडल मेहंदी डिजाइन सभी बेटियों को सिखाई गई। समर कैंप में रीता असाटी,बसंती असाटी एवं किरण असाटी के द्वारा सभी बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई समाज की सभी बहनों के सहयोग से कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा।

आईपीएल पर ऑनलाईन ले रहे थे सट्टा, पुलिस ने दी दबिश

# 9 सटोरियों में से 2 ही आए हाथ, 7 पुलिस को चकमा देकर हुए फरार

### एक करोड़ के वर्चुअल क्वाइन जप्त

**पन्ना, देशबन्धु।** आईपीएल मैचों पर ऑनलाईन सट्टा बुक कर रहे सटोरियों के अड्डे पर पुलिस ने बीती रात दबिश दी। इसे पुलिस टीम की कामयाबी कहें या नाकामी कि सटोरियों के गिरोह के 9 सदस्यों में से 7 भागने में सफल हो गए, जबकि सरगना सहित महज 2 ही आरोपी ही पुलिस टीम पकड़ पाई।

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देश पर थाना अजयगढ़ पुलिस और साइबर सेल पन्ना की संयुक्त टीम ने आईपीएल मैचों ऑनलाईन सट्टा चला रहे संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम द्वारा सटोरियों के अड्डे पर घेराबंदी कर छापा मारा लेकिन इसके बाद भी 7 आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गए, महज 2 आरोपी ही पुलिस के हाथ लगे। इस मामले में आरोपियों से 1 करोड़ लाख वर्चुअल क्वाइन और 3 मोबाइल जन्त किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस गिरोह के पास से करीबन 1 करोड़ वर्चुअल क्वाइन (01 क्वाइन की कीमत 1 रुपये) ज़ब्त की गई है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सट्टा लगाने में प्रयोग किये जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी विभिन्न ऑनलाइन साइटों के माध्यम से पन्ना जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलो में फैले ग्राहकों को जोड़कर एक सट्टे का बड़ा नेटवर्क चला रहे थे। विवेचना दौरान पुलिस द्वारा उक्त ऑनलाइन सट्टे की साइटों को बनवाने वाले व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जाकर संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों से पूछताछ किए जाने पर सट्टा सरगना आनंद जड़िया द्वारा बताया गया कि उक्त ऑनलाइन साइटों में मेरी सुपर एजेन्ट की आई. डी. है। जिसके माध्यम से हमने पन्ना जिले में कई व्यक्तियों की एजेन्ट आईडी बनाई है। जिनके द्वारा विभिन्न लोगों की क्लाइंट आईडी बनाकर उक्त ऑनलाइन साइटों के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता है। सट्टा खेलने वाले व्यक्तियों से रुपयों का लेन-देन फोनपे नगद एवं अन्य फोनपे माध्यमों किया जाता है। जिसके एवज में मेरे द्वारा उक्त व्यक्तियों को वर्चुअल क्वाईन उपलब्ध कराये गये हैं। कुछ व्यक्तियों से मेरा पैसो के लेन-देन का हिसाब महीने में किया जाता है। पुलिस टीम द्वारा सट्टा सरगना आनंद जड़िया के बैंक खातो को खंगाले जाने पर बैंक खातो में पिछले 2 महीनो में करीब 61 लाख का लेन देन होना पाया गया। आनंद जड़िया के साथ ही पुलिस ने रविकरण पिता रामस्वरूप पटेल (33) गिरफ्तार किया है।



इनकी पुलिस कर रही तलाश

- पुलिस को चकमा देकर फरारी हुए सटोरिए मनोज शर्मा निवासी धाम मोहल्ला, टिक्कू परमार निवासी आगरा मोहला , हीरा उर्फ शहशरांसू गुप्ता निवासी बराछ, इमरान खान निवासी रानीगंज, अंकित साहू निवासी आगरा मोहल्ला, साकिर अली निवासी पहाड़कोठी पन्ना की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# राजस्व विभाग की जमीन पर खेती करने से रोक रहा वन विभाग

**दमोह/तेदूखेडा देशबन्धु।** नौरादेही विस्थापन क्षेत्र में शामिल ग्राम माधो एवं सर्रा के लोगों को वन विभाग द्वारा राजस्व भूमि पर खेती करने से रोका जा रहा है जबकि जमीन से जुड़े तमाम दस्तावेज किसानों के पास है इसके बाद भी उनको खेती करने नहीं दिया जा रहा है इसी संबंध में पीड़ित किसानों ने तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है की आए दिन वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा हम लोगों को खेती कार्य करने से रोका जा रहा है जबकि इस जमीन पर हम लोग बरसों से खेती-बाड़ी का कार्य करते आ रहे हैं जिससे हमारे परिवार का पालन पोषण होता है लेकिन आज वन विभाग द्वारा हम लोगों को आए दिन परेशान किया जा रहा है।



पीड़ित किसानों का कहना है कि जब हम लोगों के पास जमीन से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध है तो वन विभाग राजस्व विभाग की जमीन पर खेती-बाड़ी का कार्य क्यों नहीं करने दे रहा है जबकि हम लोग वन विभाग की भूमि पर काविज नहीं है ना ही किसी प्रकार का हम लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि वन विभाग को राजस्व विभाग की जमीन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए क्योंकि यह जमीन किसानों की है, जिस पर उनके द्वारा वर्षों से खेती बाड़ी का कार्य किया जा रहा है तथा जमीन से जुड़े तमाम दस्तावेज किसानो के पास है इसके बाद भी वन विभाग द्वारा गलत तरीके से आए दिन हमारे लोगों को परेशान कर रहा है जो गलत है इसलिए हम सभी उच्च अधिकारियों से मांग करते हैं कि राजस्व भूमि पर काविज हमारे लोगों को निरंतर खेती-बाडी करने दी जाए जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो सके इस अवसर पर नोने लाल परस्ते,शंक्कू, कैलाश, रमेश पंडा, कमलेश, नंदलाल आदिवासी, सोनू, राधा रानी, कमलेश रानी, फूल वाई, ममता वाई,रेवा वाई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### इनका कहना है

उक्त ज़मीन 1881 से वन भूमि मे दर्ज़ है जो नोरादेही वन अभ्यारण मे हैं शासन से निर्देश आये है वन भूमि पर निर्माण कार्य होने है इसलिए ज़मीन खाली करवाई जा रही है।

**दलवीर सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी सर्रा तेंदूखेड़ा।**

## सार-समाचार

### बीकानेर स्वीट्स के पेड़े की होगी जांच, खाद्य विभाग ने लिये सैंपल



**बीना, देशबन्धु।** गुरुवार शाम खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने बीकानेर स्वीट्स की जांच की। शिव वार्ड निवासी प्रदीप राय की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई। शिकायतकर्ता ने पेड़ों में आटा और मैदा की मिलावट का आरोप लगाया था। सागर से आईं खाद्य अधिकारी प्रीति राय ने गांधी तिराहा स्थित दुकान का निरीक्षण किया, उन्होंने पेड़े के सैंपल लिये। इसके बाद वे बीकानेर स्वीट्स के गोदाम पहुंची। गोदाम में मिठाई बनाने की प्रक्रिया स्वच्छता मानकों के विपरीत पाई गई, दीवारों पर प्लास्टर नही था। साथ ही सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं थी। निरीक्षण के दौरान दुकान पर किसी को बोलने की इजाजत नही दी गई। अधिकारी ने दुकान संचालक को स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये। लिये गये सैंपल जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### रात्रि में घर में घुसकर मारपीट करने वाले 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** 18 मई को मारपीट सबंधी मेमो प्राप्त हुआ जो मेमो जांच के दौरान आहत केशव विश्वकर्मा पिता मुन्ना लाल विश्वकर्मा 44 वर्ष निवासी व्लाक एफ 06 मकान नं. 10 बाघराज आवासीय कालोनी के घटना के संबध में पूछताछ कर कथन लेख किये, कथनो में बताया कि दिनांक वक्त घटना को आरोपीगण संतोष सेन, धीरज कोरी, राजू रैकवार, रवि सेन निवासी बाघराज वार्ड के द्वारा पुरानी बुराई पर से गंदी-गंदी गालिया देकर रात्रि में घर के अंदर घुसकर चाकू डंडा व लात घूसो से मारपीट कर चोटे पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी, कथनों के आधार पर धारा 296,115(2),118(2), 351 (3), 331 (6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का दण्डनीय पाये जाने से थाना पर अपराध धारा 296, 115 (2), 118 (2), 351 (3), 331 (6), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर आरोपी संतोष सेन पिता रतन लाल सेन 48 वर्ष, राजू उर्फ अनुराग रैकवार 35 वर्ष दोनो निवासी बाघराज वार्ड को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध धारा का घटित करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त डण्डा पेश करने पर जप्ती की गई तथा आरोपीगण न्यायालय मे पेश किया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं। उक्त कार्यवाही में निरी. जसवंत राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, देवेन्द्र कुमार, प्रमोद बागरी, प्रदीप दुबे, प्रेम कुमार की भूमिका रही।

*जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों को पुनर्जीवित करें*

# कोटवारों की सेवा भूमि एवं मंदिरों की भूमि को सूचीबद्ध कर सुरक्षित रखें: संभागायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** नामांतरण प्रकरणों के डिस्पोजल प्रतिशत को बढ़ाये, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों को पुनर्जीवित करें, कोटवारों की सेवा भूमि एवं मंदिरों की भूमि को सूचीबद्ध कर सुरक्षित रखें। उक्त निर्देश संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिये। संभागायुक्त डॉ. रावत ने छिरारी, सागर, बंडा, केसली, शाहगढ़ का प्रतिशत कम होने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं कहा कि 7 दिवस के अंदर निराकरणों का प्रतिशत बढ़ाया जाये। निर्देश दिये कि जहां भी कोई तकनीकी परेशानी आ रही है उसको कलेक्टर के माध्यम से वरिष्ठ कार्यालय के लिये सूचित किया जावे। डॉ. रावत ने सागर कलेक्टर के द्वारा किए जा रहे तालाबों के सीमांकन एवं मुनारे स्थापित करने के कार्य एवं भू.अर्जन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने पर बधाई दी और कहा कि इसी प्रकार तत्परता से कार्य आगे भी किया जाये। सभी राजस्व अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य करें और आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क करें। समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले समय में वर्षाकाल के मौसम में कहीं भी जल भराव की स्थिति न रहे इसके लिये अभी से प्रबंध किया जावे और सभी अपने-अपने क्षेत्र में कंट्रोल रूम स्थापित करें और बाढ़ आपदा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिये समुचित संसाधन भी मौजूद रखें। किसी भी स्थिति में कहीं भी जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिये। समय सीमा में काम न करने वाले अधिकारियों पर आर्थिक रूप से दंडित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर संदीप जीआर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र में जीर्णशीर्ण एवं क्षतिग्रस्त भवनों को सूचीबद्ध कर कार्रवाई करें एवं कैंपकोर्ट लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। कैंपकोर्ट लगाने के पूर्व मुनादी कराई जाये जिससे कि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने तहसीलदारों कहा कि आप सभी शासन प्रशासन की छवि होते हैं और आप अपनी छवि को बरकरार बनाये रखें और समय सीमा में राजस्व के प्रकरणों का निराकरण करें। तहसीलदार एवं पटवारी प्रतिदिन फील्ड पर मौजूद रहें और प्रकरणों का निराकरण करें। यदि कोई व्यक्ति शासकीय भूमि पर कब्जा करता है अथवा पूर्व से कब्जा हो तो उस शासकीय भूमि को नियमानुसार कार्यवाही करते हुये कब्जामुक्त करायें आवश्यकता पड़ने पर पुलिस कार्यवाही करें। समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपनी-अपनी टूर डायरी अद्यतन रखें और कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर संभाग जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय सहित समस्त राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने तालचिरी में बन रहे फ्रूट फॉरेस्ट का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी के साथ जैसीनगर के ग्राम तालचिरी में बन रहे फ्रूट फॉरेस्ट एरिया का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिये कि शीघ्रता से वृहद पौधारोपण करें। इस अवसर पर श्रीराम सोनी उद्यान के उपसंचालक पीएस बडोले, सरपंच प्रतिनिधि भानु यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बताया कि सागर के सभी विकासखंडों में फ्रूट फॉरेस्ट हब बनेगा जिससे ग्रामवासी इस फ्रूट फॉरेस्ट की देखरेख करेंगे एवं उनके मार्गदर्शन में फ्रूट फॉरेस्ट का संचालन किया जायेगा। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिये तालचिरी में 10 एकड़ भूमि पर फ्रूट फॉरेस्ट लगाया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य विकासखंडों में भी फ्रूट फॉरेस्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया जायेगा। फ्रूट फॉरेस्ट में अमरूद, जामुन, नींबू, कटहल, मुनगा इत्यादि पौधों को रोपा जायेगा। फ्रूट फॉरेस्ट के पौधो की अच्छी ग्रोथ के लिये खाद एवं बर्मीकम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है। पौधो की सिंचाई अटल भू.जल योजना अंतर्गत ड्रिप इरीगेशन सिस्टम से की जायेगी। कलेक्टर ने बताया कि फ्रूट फॉरेस्ट में महिलाओं की भी सहभागिता की जायेगी इसमें ग्राम की महिलाओं के लिये आर्थिक रूप से सशक्त बनने के दिशा में फ्रूट फॉरेस्ट सार्थक सिद्ध होगा।

# दंडवत होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, बोले मुआवजा नहीं मिला, आत्मदाह करेंगे

### उल्दन बांध परियोजना में 300 किसानों को नहीं मिली जगह



**सागर, देशबन्धु।** बंडा में निर्माणाधीन उल्दन बांध परियोजना के प्रभावितों ने गुरुवार को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वे दंडवत होकर कार्यालय के गेट क्र. 2 पर पहुंचे, जहां उन्होंने मांगों को लेकर नारेबाजी की। कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि ग्राम उल्दन में करीब 300 परिवारों को मुआवजा या जगह नहीं दी गई है। जबकि वह उल्दन बांध परियोजना में प्रभावित हुये हैं। प्रभावितों को सर्वे के दौरान अपात्र बता दिया गया। सूची भी जारी नहीं की गई। ग्राम के प्रभावित कई बार जनसुनवाई से लेकर सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रख चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बांध प्रभावितों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो वे सामूहिक आत्मदाह करेंगे। अधिकारियों ने मामले में मौके का निरीक्षण कर जल्द पात्र लोगों को मुआवजा और अन्य सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। बांध प्रभावित मलखान, भगवानदास ने बताया कि उल्दन बांध परियोजना में ग्राम उल्दन के ग्रामीण प्रभावित हुये हैं। 300 से अधिक परिवारों को अब तक न तो मुआवजा मिला है और न ही जमीन दी जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर कई बार मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

## यात्री प्रतीक्षालय को क्षतिग्रस्त करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने कलेक्टर को लिखा पत्र

**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ौरा के ग्राम मारा में एचपी डिपो के बाजू में मुख्य मार्ग पर स्थित विधायक निधि से निर्मित शासकीय संपत्ति यात्री प्रतीक्षालय को विगत दिनों पूर्णतः क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस बात की सूचना ग्रामीणों द्वारा विधायक प्रदीप लारिया को दी गयी। ज्ञात हुआ है कि उक्त यात्री प्रतीक्षालय को क्षतिग्रस्त करने का कार्य यात्री प्रतीक्षालय के पीछे नवनिर्मित कॉलोनी के प्रोपराइटर कॉलोनाइजर्स द्वारा किया गया है। विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखा कि यात्री प्रतीक्षालय को क्षतिग्रस्त करने वाले कॉलोनाइजर के इतने हौसले बुलंद हो गये हैं कि वे शासकीय संपत्ति को सरेआम नुकसान पहुंचा रहे है, उनके विरूद्ध शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत त्वरित कार्यवाही कराने निर्देशित किया। लारिया ने कहा कि जनपद पंचायत राहतगढ़ प्रकरण की प्राथमिकी दर्ज करायें, यदि वह रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते तो वे स्वयं इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज करायेंगे।

## डीएपी खाद के लिए अन्नदाता घंटों लाइन में लगे



**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले में किसानों को खाद लेने के लिये खाद विक्रय केन्द्रो में जद्दोजहद करनी पड़ रही है। किसानों की लंबी-लंबी लाइने केन्द्रों में देखने को मिल रही हैं। कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित डबल लॉक गोदाम से डीएपी खाद लेने क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान गुरुवार सुबह से ही पहुंच गये थे। वहीं दोपहर होते-होते किसानों की लंबी-लंबी लाइने लग गई जो शाम तक जारी रही। बताया जाता है कि लगभग 1 माह बाद डीएपी खाद आया है, डीएपी खाद आने की सूचना मिलते ही किसान खाद लेने के लिये बड़ी संख्या में पहुंच गये। ग्राम बांसा से खाद लेने आये जनपद सदस्य एवं किसान प्रणव कुर्मी ने जानकारी देते हुये बताया कि डीएपी खाद की कमी बनी हुई है, खरीफ फसल के लिये किसानों को खाद की जरूरत है लेकिन गोदाम में एक माह बाद खाद आई है जिससे किसानों की लाईने लगी हुई है। क्षेत्र की सोसाइटी में खाद नहीं आ रहा जिससे सभी किसान कृषि मंडी प्रांगण पहुंच रहे हैं साथ ही उन्होंने प्रशासन से सोसाइटियों के माध्यम से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि किसानों को जल्द से जल्द खाद उपलब्ध हो सके। जानकारी के मुताबिक जैसीनगर तहसील क्षेत्र में कृषि मंडी स्थित डबल लॉक गोदाम में खाद का वितरण किया जा रहा है सोसाइटी में अब तक वितरण शुरू नहीं हुआ जिससे सभी किसान बड़ी संख्या में डबल लाक गोदाम पहुंच रहे है। हालांकि जैसीनगर डबल लाक गोदाम में फिलहाल 90 टन डीएपी खाद पहुंची है जल्द ही और खाद आने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।

# कजरावन और तिगोड़ा में क्रिकेट मैच खेल रहे बच्चों में विवाद के मुद्दे को लेकर 2 परिवारों में संघर्ष



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शाहगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कजरावन और तिगोड़ा गांव में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के विवाद में दो पक्षों के परिवारों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है, तीन दिनों से दोनों गावों में चल रहे विवादों में पुलिस ने 14 लोगों पर काउंटर केस दर्ज किया है। मंगलवार को बराज चौकी अंतर्गत कजरावन गांव में गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे, किसी एक बच्चे ने मैच में विवाद खड़ा किया और नरेद्र यादव को बल्ला मार दिया, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर गांव में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। विवाद खड़ा हो इससे पहले परिवार के लोगों ने बराज चौकी में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई, दूसरे दिन बुधवार को जब दूसरे पक्ष के लोगों को रिपोर्ट दर्ज होने की बात पता चली तो उन्हे नागवार गुजरी और पहले पक्ष के धर जाकर बच्चे के परिवार के लोगों के साथ लाठियों से मारपीट कर दी, मारपीट से घायल हुई 60 वर्षीय वृद्ध महिला रूपरानी सहित नरेंद्र का ईलाज मुलायजा पुलिस ने शाहगढ़ अस्पताल में कराया और दोनों पक्षों से थाने में शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है, यह घटना शाहगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बराज चौकी की है, जहां बच्चों के बीच हुये विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों पक्ष आमने सामने आ गये और लाठी डंडों से हमला किया गया। पुलिस ने बलराम यादव की रिपोर्ट पर राघवेंद्र, रोहित, भरत, अभिषेक, शिवराज, इंद्रपाल और हुकम यादव, इंद्रपाल की रिपोर्ट पर दिनेश और नरेंद्र यादव ऐसे कुल 9 लोगों पर काउंटर केस दर्ज किया।

### तिगोड़ा में बच्चों के विवाद में लाठी से महिला की पिटाई

शाहगढ़ थाना क्षेत्र के हीरापुर चौकी अंतर्गत ग्राम तिगोड़ा गांव में शनिवार की शाम खेलते समय बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद अचानक बड़ा रूप ले गया। मामला इतना बढ़ा कि दूसरे दिन बच्चों के परिजन आमने सामने आ गये और मारपीट शुरू हो गई। बच्चों के बीच विवाद 31 मई की शाम लगभग 7 बजे हुआ था। ग्राम में खेल रहे बच्चे की लड़ाई को रोकने गई महिला संगीता से राजू और रानू सोनी ने मारपीट कर दी, ननद को बचाने गई भाभी नीतू जोशी के ऊपर गजेंद्र सोनी ने लाठी से घायल कर दिया, वहीं सास और देवर बीच बचाव करने गये तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। तिगोड़ा में बच्चों की लड़ाई में तूल पकड़ा मामला में हीरापुर पुलिस ने नीतू जोशी की रिर्पोट पर गजेंद्र सोनी, रानू, अंकित और दीपेंद्र सोनी चार लोगों पर मामला दर्ज किया। वहीं गजेन्द्र की ओर से शिकायत करने आवेदन लेकर जांच शुरू कर यहां भी काउंटर केस दर्ज करने की बात कही जा रही है।

## कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत, एक गंभीर जिला अस्पताल रेफर

**सागर, देशबन्धु।** राहतगढ़ थाना क्षेत्र के राहतगढ़-विदिशा रोड स्थित उत्तम फैक्ट्री के सामने बोलेरो और बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल हुआ है, जिसे जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। राहतगढ़ रोड पर फैक्ट्री के सामने तेज रफ्तार बोलेरो क्र. एमपी 16 सी 7415 विदिशा तरफसे आ रही थी, जिसने रांग साइड आकर सड़क के किनारे खड़ी तीन बाइकों और एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। घटना में बाइकों के पास खड़े लोग इसकी चपेट में आ गये। इसमें रघुवीर राय और हेमंत कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर घायल हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर घायल रामगोपाल कुशवाहा को प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर किया गया। वहीं पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर मर्चुरी में रखवाया है। प्रकरण दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बोलेरो को जब्त कर लिया गया है।

## पर्यावरण दिवस पर सांसद, जिलाध्यक्ष ने पौधारोपण कर किया जिले में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम प्रारंभ

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बूथ से लेकर समूचे जिले में पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और पार्टी के जन प्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, सांसद लता वानखेड़, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, कार्यक्रम प्रभारी यश अग्रवाल ने ओम नगर रेसीडेंसी में परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान श्याम तिवारी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। विकसित भारत, मजबूत भारत के साथ हमें हरित भारत भी बनाना है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम करने का आह्वान करते हुये कहा कि पौधरोपण में फलदार और औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी लगाये जाये जो मनुष्यों के अलावा पशु पक्षियों के लिये भी उपयोगी हो। पर्यावरण बचेगा, तभी मानवता बचेगी। लता वानखेड़े ने कहा कि व्यक्ति और समाज तभी बचेगा, जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जीवों का शरीर पांच तत्वों से बना है और पंच तत्वों की सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है। कार्यक्रम प्रभारी यश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की यमुना ताई मंडल द्वारा आयोजित अमृत मन्थन पार्क एवं सागर नगर मंडल के गौ सेवा प्रांगण में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुये। पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंर्तगत जिले के सभी मंडलों पर पौधारोपण किया गया, यह कार्यक्रम आगामी 2 माह तक सतत रूप से जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सह प्रभारी सुषमा यादव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन शामिल हुये।



## कृषि विज्ञान केंद्र ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम खाडेरा खुद में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. के एस यादव द्वारा किसान एवं कृषक महिलाओं को पर्यावरण का महत्व, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, खेत के चारों ओर छोटे आकार के फलदार वृक्ष लगाने की तकनीकी तथा कृषि रसायन एवं उर्वरकों की अधिक प्रयोग करने से मृदा के स्वास्थ्य, वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण से होने वाली हानियां के बारे में सरलतम ढंग से समझाया। साथ ही साथ जल संरक्षण, वर्षा जल के पुर्नचकरण आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सभी किसानों एवं ग्रामीणों को फलदार वृक्षों का वितरण करते हुये पौधारोपण तकनीकी की जानकारी दी। दीनेश नामदेव, चन्द्र किशोर तथा हेमन्त भारद्वाज ने भी पर्यावरण के महत्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला। इसके अलावा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम कुमरौल में वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के दल द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमे अनुविभागीय अधिकारी कृषि जयदत्त शर्मा, तकनीकी अधिकारी मयंक मेहरा एवं वीटीएम लोकेन्द्र जाटव आदि ने भाग लिया।

# हल्का पटवारी, राजस्व टीम पर हमला, बराज के खरो गांव में सीमांकन करने गये थे, शाहगढ़ थाने में दर्ज कराई शिकायत



**शाहगढ़, देशबन्धु।** गुरूवार को तहसील के बराज के खरों गांव में जमीन का सीमांकन करने गये पटवारी सहित राजस्व टीम के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। विवाद में घायल हुये हल्का पटवारी सहित आवेदक के परिजन मौके से अपनी जान बचाकर भागे सभी ने बराज चौकी प्रभारी को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायलों को शाहगढ़ अस्पताल पहुंचाया इसके बाद शाहगढ़ थाने में आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार शाहगढ़ तहसीलदार के आदेशानुसार आवेदक गोकुल पिता सरिया पटेल की जमीन का सीमांकन करने पटवारी मुकेश कुमार धोसिया, ग्राम खरो के चौकीदार रतिराम, कृष्ण कुमार, मन प्यारे, तीन पुलिस आरक्षक के साथ आवेदक गोकल पटेल के खेत पर सीमांकन करने गुरूवार को पहुंचे थे। इसी बीच गोकल पटेल के खेत की मेड़ से लगे पड़ोसी बलीराम, हल्के, माल्ला, शंकर, मूलू, सुकई पटेल भालू, राजाराम, रतीराम सभी एक राय होकर लाठी डंडे, कुल्हाड़ी लेकर आ गये। सीमांकन पर आपत्ति जताई और लड़ाई करने लगे सभी को जान से मारने की धमकी दी। गालियां देने लगे, रतिराम ने पटवारी के सिर पर लाठी दे मारी, वहीं बलीराम ने जमना पर हमला कर दिया, किसी तरह पटवारी और चौकीदार और आवेदक परिवार अपनी जान बचाकर वहां से भागे। इसके बाद सीधे शाहगढ़ थाना पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पटवारी मुकेश कुमार धोसिया की शिकायत पर हरिजन एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पटवारी ने मामले की जानकारी तहसीलदार को भी दी गई है। दूसरी तरफ आवेदक गोकल पटेल की ओर से भी कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पटवारी मुकेश कुमार धोसिया ने बताया कि सीमांकन करने के दौरान कुछ लोग हमला करने के लिये आ गये थे। पहले तो गाली गलौच करना शुरु कर दी। जब गाली गलौच करने से मना किया, तो वे बहस करने लगे। बड़ी मुश्किल से घटना स्थल से भागकर अपनी जान बचाई है। यदि थोड़ी देर और हो जाती तो हम लोगों के साथ बड़ी घटना हो सकती थी।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।